हरिभूमि
# रायपुर भूमि



मातृत्व की सीमाओं को पार कर समाज के लिए मां बन रही हैं महिलाएं

# प्रीमैच्योर शिशुओं को दूध डोनेट कर दे रहीं नई जिंदगी, बंदरों का भी बचाया जीवन

मदर्स-डे विशेष

ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

शहर की समाजसेवी अंकिता पांडेय उन चंद महिलाओं में हैं, जो 'मां' की परिभाषा को केवल अपने बच्चे तक सीमित नहीं रखतीं। दूसरों के प्रीमेच्योर बच्चों व उन नवजात बच्चों की सांसों का सहारा बन रही हैं, जिनकी मां उन्हें अपना दूध नहीं पिला पातीं। मां का दूध हर नवजात के लिए अमृत समान होता है और जब कोई बच्चा इससे वंचित हो जाए, तब अंकिता उनके लिए 'दूसरी मां' बन जाती हैं। यह शुरुआत ▶▶|शेष पेज 14 पर

- बच्चों के साथ नवजात बंदरों को भी दूध पिला चुकी हैं अंकिता



## नज़र के डर से पीछे हट जाती हैं महिलाएं

अंकिता बताती हैं कि उन्होंने अपना स्तन दूध उन नवजात शिशुओं को देती हैं, जिनका जन्म के समय वजन मात्र 700 ग्राम या 1.5 किलोग्राम होता है। ऐसे बच्चे समय से पहले जन्मे, प्रीमैच्योर होते हैं और बेहद नाजुक स्थिति में रहते हैं। नवजात शिशु के लिए 2 से 3 एमएल दूध ही जीवनदायी साबित होता है, जो उनके ▶▶|शेष पेज 14 पर



## पहल से जुड़ीं कई माताएं

अंकिता की ब्रेस्ट मिल्क डोनेशन मुहिम अब एक प्रेरणा बन चुकी है। उनकी इस नेक शुरुआत से शहर की कई महिलाएं जुड़ चुकी हैं। बातचीत में अंकिता ने बताया कि बिट्टू दुबे, साक्षी यादव, खुशी साहू, सुप्रिया, करुणा समेत अन्य माताएं अब उन नवजात शिशुओं की मदद कर रही हैं, जिनकी मां किसी कारणवश अपने बच्चों को पर्याप्त मात्रा में दूध नहीं दे पा रही हैं। इन सभी महिलाओं ने मां होने की जिम्मेदारी से आगे बढ़ते हुए दूसरों के बच्चों के लिए भी ममता दिखाई है। खास बात यह है कि इस पहल से जुड़ी हर महिला स्वयं भी एक मां है।

## खबर संक्षेप



### लोक अदालत में क्रिप्टो करंसी मामले का निपटारा

**रायपुर।** राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को क्रिप्टो करेंसी संबंधी मामले का सफलतापूर्वक निपटान करते हुए पक्षकारों को त्वरित न्याय प्रदान किया गया। यह मामला वर्ष 2023 का था, जिसमें आरोपियों के खिलाफ आमानाका थाने की पुलिस ने ठगी का अपराध दर्ज किया था। पीठासीन अधिकारी गुरु प्रसाद देवांगन के समक्ष पक्षकारों के बीच राजीनामा के माध्यम से स्थायी रूप से समाप्त कर दिया गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता भगवानू नायक ने पैरवी की।

### युवती से मारपीट, तीन के विरुद्ध केस दर्ज

**रायपुर।** एक युवती के साथ मारपीट करने के मामले में गुढ़ियारी पुलिस ने तीन युवकों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। पार्वती नगर मुर्राभट्ठी निवासी प्रार्थिया गीता सोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 मई को सुबह करीब 10 बजे आरोपी गजानंद कटरे ने अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर उसके साथ हाथ-मुक्का से मारपीट करते हुए ईंट से हमला किया, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 351-2, 115-2,3-5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

भारत माला के गुनाहगार... : मुआवजा घोटाला में सभी के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने किया है केस दर्ज

# आरोपी एसडीएम-तहसीलदार, आरआई, पटवारी समेत आठ 18 दिन से फरार, ईओडब्ल्यू के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के भारतमाला परियोजना में हुए घोटाले में निलंबित किए गए अभनपुर तहसील क्षेत्र के तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू, तहसीलदार शशिकांत कुर्रे, राजस्व निरीक्षक रोशनलाल वर्मा, पटवारी दिनेश पटेल के अलावा गोबरानवापारा के तत्कालीन नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण, पटवारी नायकबांधा जीतेंद्र साहू, पटवारी बसंती घृतलहरे, लेखराम पटेल ग्राम टोकरो के विरुद्ध ईओडब्ल्यू ने केस दर्ज किया है। इन सभी के खिलाफ केस दर्ज किए 18 दिन हो चुके हैं, लेकिन अभी तक इनमें से एक की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है, जिसके कारण इस घोटाला की जांच भी आगे बढ़ नहीं पा रही है। इधर ईओडब्ल्यू ने इस घोटाले में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इन सभी को रिमांड पर लेकर पूछताछ भी की जा चुकी है, लेकिन ईओडब्ल्यू अब तक घोटाला की जड़ तक पहुंच नहीं पाया है। घोटाला की शुरुआत कैसे और कहां से हुई, यह सबसे बड़ा सवाल है, जिसका खुलासा तभी हो पाएगा, जब सभी फरार निलंबित अधिकारी-कर्मचारी ईओडब्ल्यू की गिरफ्त में आएंगे। ▶▶|शेष पेज 14 पर

हरिभूमि फॉलोअप

## अब तक घोटाला की जड़ तक पहुंच नहीं पाया ईओडब्ल्यू

### नक्शा लीक इस घोटाले की सबसे अहम कड़ी

भारतमाला परियोजना घोटाला की जांच जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा की गई थी। इस जांच रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि भारत माला परियोजना की अधिसूचना जारी होने के बाद बैक डेट पर प्रभावित किसानों की जमीनों को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर उनके परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर चढ़ा दिया गया, ताकि जमीन अधिग्रहण के रूप में कई गुना ज्यादा मुआवजा राशि का वितरण किया जा सके। जांच में रिपोर्ट पर जरूर बैक डेट पर किसानों की जमीनों को टुकड़ों में ▶▶|शेष पेज 14 पर


अधिसूचना से पहले भारतमाला का नक्शा लीक, इसलिए टुकड़ों में बंटी जमीन

### अब तक इन्हें किया गया गिरफ्तार

इस घोटाले में ईओडब्ल्यू ने अब तक हरमीत खनूजा, उमा तिवारी, केदार तिवारी और विजय जैन को गिरफ्तार किया है। इन चारों को रिमांड पर लेकर ईओडब्ल्यू पूछताछ कर चुका है। वर्तमान में चारों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### घोटाला में प्रभावित किसानों की भी मिलीभगत की संभावना

भारत माला प्रोजेक्ट घोटाला में अब तक यह बातें सामने आई हैं कि प्रभावित किसानों की जमीनों को टुकड़ों में बांटकर उन्हें कई गुना अधिक मुआवजा दिलाया गया है। मुआवजा की राशि किसानों के सीधे बैंक खातों में पहुंची भी है, लेकिन बाद में सभी के खातों से उपर के मिले लाखों-करोड़ों रुपए निकाल लिए गए हैं। ये रुपए किसने निकाले, कैसे निकाले, इसकी भी जांच की जा रही है। हालांकि इस घोटाले में उन सभी किसानों की मिलीभगत होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि घोटाले की सारी राशि उनके खातों में ही आई है। ऐसे में अभी तक इस घोटाले में प्रभावित किसानों के विरुद्ध न ही केस दर्ज किया गया है और न ही पूछताछ की गई है।

### 14 नए संदिग्धों के नाम सामने आए, जल्द होगी पूछताछ

भारतमाला परियोजना में भू-अर्जन करने के नाम पर 48 करोड़ रुपए घोटाला किए जाने के आरोप में ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, उनसे पूछताछ में घोटाला से जुड़े 14 और नए संदिग्धों के नाम मिले हैं। इनमें जमीन दलाल से लेकर राजस्व विभाग के कर्मचारी अफसर शामिल हैं। इसके अलावा जगदलपुर से लेकर गरियबंद तक इस प्रोजेक्ट में भू-अर्जन करने के नाम पर घोटाला होने की जानकारी ▶▶|शेष पेज 14 पर

- ईओडब्लू, एसीबी ने जगदलपुर में भी शुरू की जांच

### घोटाले की रकम और बढ़ सकती है

भारतमाला परियोजना के लिए भू-अर्जन के नाम पर घोटाले की रकम 48 करोड़ रुपए है। ऐसे में गरियाबंद, जगदलपुर सहित धमतरी में भारतमाला परियोजना के नाम पर भू-अर्जन के नाम पर घोटाला किया गया होगा, तो घोटाले की रकम कई गुना और बढ़ सकती है। ऐसे में जांच का दायरा और बढ़ जाएगा।

### एक ही पैटर्न की आशंका

भारतमाला परियोजना के लिए किन इलाकों का भू-अर्जन किया जाना है, इसकी जानकारी लीक होने के बाद जमीन दलाल के साथ जमीन कारोबारी सक्रिय हो गए। इसके बाद जमीन दलाल और जमीन कारोबारियों ने राजस्व विभाग के अफसर, पटवारी, आरआई से साठगांठ कर किसानों से कम ▶▶|शेष पेज 14 पर

# सीआरपीएफ कैंप में सिपाही ने साथी पर किया चाकू से जानलेवा हमला

- जवानों ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग किया
- सिविल लाइंस थाने की पुलिस मामले की जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ओल्ड पीएचक्यू परिसर में बने सीआरपीएफ कैंप में शनिवार को एक जवान ने अपने साथी हवलदार की आंख, छाती, भुजा में चाकू तथा कैंची से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर उपस्थित अन्य जवानों ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग किया। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। सिविल लाइंस थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना दिनांक को दोपहर सोहनलाल देवांगन पर कपूर प्रमोद ने चाकू तथा कैंची से हमला किया। सोहनलाल ने पुलिस को बताया कि वह अपने बैरक में खाना खाने के बाद लेटकर अपने घरवालों से बात कर रहा था। इस दौरान कपूर प्रमोद उसके पास पहुंचा और बगैर किसी कारण के उसके साथ गाली-गलौज करते हुए उस पर चढ़ गया और अपने पास रखे चाकू तथा कैंची से उस पर हमला कर दिया।

### साथियों ने बचाई जान

सोहनलाल ने पुलिस को बताया कि कपूर प्रमोद जब उसके साथ गाली-गलौज कर रहा था, उस समय वह पूरी तरह से अपना आपा खो चुका था। बैंरक में उपस्थित अन्य जवानों ने गाली-गलौज सुनी, लेकिन किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। सोहनलाल पर चाकू और कैंची से हमला करने लगा, तब सोहनलाल अपने बचाव के लिए चिल्लाने लगा। इस बीच बैरक में उपस्थित अन्य जवान मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर दोनों को अलग किया। सोहनलाल का अस्पताल में उपचार चल रहा है।




# तरुण नगर में तीन बच्चों के अपहरण का हल्ला, मिलने पर परिजनों ने कहा- कोई रिपोर्ट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक साथ तीन बच्चों का अपहरण होने की खबर ने पुलिस की नींद उड़ाकर रख दी। बच्चों के सकुशल रेस्क्यू होने के बाद पुलिस के साथ बच्चों के परिजनों ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है, जिन बच्चों को युवक अपने साथ ले गया था, वे सभी घूमंतु प्रवृत्ति के हैं।

पुलिस के अनुसार दोपहर के समय तीन बच्चों को किसी के द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने की सूचना मिली। इसके बाद मौके पर पुलिस की टीम पड़ताल करने पहुंची। एक बच्चा जिसने अन्य बच्चों के साथ जाने से इनकार कर दिया था, उसने पुलिस को बताया कि एक युवक उन लोगों को कोल्ड ड्रिंक पिलाने के बाद अपने साथ घूमने जाने के बहाने साथ चलने के लिए कहा। इस पर उस बच्चे ने जाने से इनकार कर दिया। काफी देर तक बच्चों के नहीं आने पर परिजन ने अपने बच्चों की पतासाजी करते हुए लौटे बच्चे से अपने बच्चों के बारे में ▶▶|शेष पेज 14 पर

- पड़ोस में रहने वाला परिचित बच्चों को कोल्ड ड्रिंक पिलाने के बाद अपने साथ ले गया था


# तेरह दिन बाद शहर का पारा 40 डिग्री के पार, और बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेरह दिन इंतजार के बाद राजधानी रायपुर का पारा 40 डिग्री के पार हो गया है। लंबे समय से बादल-बारिश के बाद शनिवार को निकली धूप से गर्मी बढ़ने का अहसास हुआ। अनुमान है कि मई के दूसरे पखवाड़े में गर्मी का प्रभाव तेजी से बढ़ेगा। आज प्रदेश का सर्वाधिक तापमान 41 डिग्री बिलासपुर का दर्ज किया गया। अभी राज्य का वास्तविक पारा औसत तापमान से कम रिकार्ड किया जा रहा है।

प्रदेश में गर्मी अप्रैल के अंतिम दिनों में नियंत्रित हो गई है। 26 अप्रैल को सर्वाधिक पारा 43 डिग्री दर्ज किया गया, इसके बाद होने वाले उतार-चढ़ाव की वजह से गर्मी 40 डिग्री के पार नहीं हो पाई थी। शनिवार 10 मई को इस पर विराम लगा और अधिकतम पारा उछलकर 40.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तापमान में हुई एक डिग्री की बढ़ोतरी की वजह से शहर में आज दोपहर गर्मी और धूप की तेजी का अहसास हुआ और एक बार फिर लोगों को सड़कों पर आवाजाही के दौरान स्कार्फ की जरूरत महसूस हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में गर्मी में वृद्धि का दौर जारी रहेगा और दूसरे पखवाड़े में इसमें तेजी ▶▶|शेष पेज 14 पर

- बिलासपुर 41 तक पहुंचा मगर तापमान औसत से कम




OPERATION
SINDOOR
भारतीय सेना के शौर्य को प्रणाम
हम सभी को भारतीय सेना पर गर्व है
FUN FAIR MELA
20 वर्षों से लगातार आपके मनोरंजन हेतु प्रतिबद्ध
शानदार
चल रहा है
FunFair Airlines
मुख्य आकर्षण:
एरोप्लेन
*नियम व शर्तें लागू
सभी झूलें
30 से 60 रू. के अंदर
डबल डिस्क
फ्रीज़बी राइड
भारतीय सेना के जवानों को
फन फेयर मेला में एन्ट्री के साथ
सभी झूलों की राईड बिल्कुल मुफ्त
: मेला स्थल :
अग्रसेन चौक, समता कालोनी, भैसथान मैदान
मनोरंजन के साथ साथ खाना और खरीदी भी ...
स्वागतम्
sumit

## खबर संक्षेप



### नवसृजन पब्लिक स्कूल का वार्षिक परिणाम अच्छा रहा

**आरंग।** नवसृजन पब्लिक स्कूल समोदा के छात्रों ने दसवीं बोर्ड में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। छात्र होमेश दास मानिकपुरी 90.5% के साथ स्कूल में प्रथम, अनीश कुमार कुर्रे 89.8% के साथ स्कूल मे द्वितीय और यागिनि साहू 86.33% के साथ तृतीय रहे। प्राचार्य एच.आर. साहू ने बताया कि दसवीं बोर्ड में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष दीनानाथ सोनकर, उपाध्यक्ष दुर्गेश निर्मलकर, सहित प्राचार्य, शिक्षकगण एवं पालको ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

### कुर्मी समाज की बैठक आज

**तरपोंगी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षेत्रिय समाज केंद्रीय कार्यकारणी की बैठक रविवार 11मई को नरदाहा भवन में आयोजित किया गया है। बैठक सुबह 11बजे प्रारंभ होगा। बैठक में महाधिवेशन की समीक्षा के साथ सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप करेंगे।

**शिविर :** 11 ग्राम पंचायत से प्राप्त 4800 आवेदनों का किया गया निराकरण

# विकसित भारत निर्माण में सुशासन तिहार की महत्वपूर्ण भूमिका : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शनिवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमोदी हाई स्कूल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 10 ग्राम पंचायत की भी सहभागिता रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन के माध्यम से विकसित भारत निर्माण में छत्तीसगढ़ की अधिक से अधिक भागीदारी रहेगी, उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम को नमन किया एवं तात्कालिक मांगों जैसे सड़क निर्माण, मुक्तिधाम शेड, अहाता निर्माण, अतिरिक्त कक्ष आदि विकास कार्यों के लिए सांसद निधि से लाखों की घोषणाएं भी की। साथ ही क्षेत्रीय विधायक एवम उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग प्राधिकरण गुरु खुशवंत साहेब ने ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि शासन-प्रशासन आपके द्वार में है, समस्याओं को सुलझाने के लिए एवं उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं गुरु घासीदास बाबा के संदेशों से कहा कि मनखे मनखे एक समान, अतः समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुशासन पहुंचना चाहिए। उन्होंने सुशासन का अर्थ रामराज्य बताया, इस अवसर पर अन्य अतिथियों में वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष टाकेस्वरी मुरली साहू, नगर पालिका परिषद आरंग अध्यक्ष डॉ संदीप जैन, समोदा नगर पंचायत अध्यक्ष छोटेलाल सोनकर सहित अनेक जनप्रतिनिधीगणों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्व रंजन, अनुविभागीय अधिकारी पुष्पेंद्र शर्मा व जनपद पंचायत सीईओ कुमार सिंह लहरे ने जानकारी दी की 11 ग्राम पंचायत से प्राप्त 4800 आवेदनों पर निराकरण की कार्यवाही की गई।

■ ग्राम पंचायत अमोदी हाई स्कूल में लगा समाधान शिविर

### रिपोर्ट कार्ड, व्हीलचेयर वितरित किए गए



शिविर में मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जन्म पंजीयन, डेंटल हेल्थ चेकअप, श्रम कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस,आदि तत्काल बनाए गए एवं हितग्राहियों को मत्स्य जाल एवं कीट, सब्जी बीज किट, रिपोर्ट कार्ड, व्हीलचेयर आदि वितरित किए गए। इस अवसर पर सरपंचगण रणवीर कुमार ध्रुव, सोहद्रा उमेंद्र साहू, गणेश राम, कमलेश्वरी संतोष जलक्षत्रि, मधु लोकेश यादव, सरस्वती कुर्रे, अंबिका दानेश्वर धुरंधर, कुमारी बृजलाल साहू, किरण राजेश बारले एवं इंदिरा टंडन, उपसरपंच, पंचगण, रोजगार सहायक, ग्राम सचिव, अन्य जनप्रतिनिधि देवनाथ साहु, देव कुमार साहू, केके भारद्वाज, गणेश साहू, शेखर साहू आदि एवं तहसीलदार सीता शुक्ला, एडिशनल सीईओ मारुति, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी विजय लक्ष्मी अनंत, महिला बाल विकास अधिकारी ऋषि बंजारे, नायब तहसीलदार गजानन सिदार, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, प्राचार्य आरपी साहू, प्राचार्य जेआर आल्हा, सीएसी विजय देवांगन आदि एवं मंच संचालन टीम अरविंद कुमार वैष्णव, महेंद्र कुमार पटेल, भूषण जलक्षत्रि, मनोज मुछावर के साथ-साथ ग्राम पंचायत अमोदी करमंदी, चपरीद, कुरूद, कुटेला, मोहमेला, चिखली, परसदा, सेमरिया, केसला रसौटा आदि के ग्राम वासियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# पीएम श्री स्कूल नेवरा में कक्षा पहली के लिए 50 छात्रों का चयन लॉटरी माध्यम से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा




आज शनिवार को पीएमश्री प्रियदर्शनी शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नेवरा में कक्षा पहली में प्रवेश हेतु 50 बच्चों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ लॉटरी के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार श्री विपिन पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री एल के जाहिरे, नगर पालिका अध्यक्ष तिल्दा नेवरा प्रतिनिधि डॉ. खुमान वर्मा, सभापति रानी सौरभ जैन, शाला विकास समिति के अध्यक्ष मनोज निषाद, एस.एम.डी.सी. सदस्य राजू कुरैशी, गोपाल साहू, पार्षद देवा दास टंडन, ईश्वर यदु मंडल अध्यक्ष भाजपा, दिलीप वर्मा, अमजद खान, समन्वयक शैलेन्द्र डहरिया व बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित हुए। संस्था प्रमुख प्राचार्य श्री दुष्यंत सोनी द्वारा प्रवेश संबंधी दिशा निर्देश से अवगत कराया गया। जिसमें आवश्यक दस्तावेज व प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी। चयनित छात्रों की सूची यहां उपलब्ध कराई गई है। साथ ही शाला परिसर में चस्पा की गई है और प्रवेश हेतु आवश्यकता दस्तावेज की सूची से पालकों को अवगत कराया गया।

### तिल्दा -नेवरा में चोरों का आतंक

**तिल्दा -नेवरा।** तिल्दा नेवरा में एक बार फिर से चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। लगातार चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। अज्ञात चोरों ने एक पुलिस कर्मी की दोपहिया वाहन पर हाथ साफ कर दिया। जेबी सिटी कालोनी के सुने घर में सोनो चांदी के जेवरातों की चोरी की गई। बताया जा रहा कि पेट्रोल पंप के पास एक वहां से हजारों रुपए के डीजल की चोरी की गई है। शहर में इस तरह की चोरी की घटनाओं से आम नागरिकों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है।






# पंचायत और प्रबंधन में बनी आपसी सहमति

**धरसींवा।** सरपंच, ग्राम पंचायत सिलतरा, सांकरा, मुरेठी, घनेली एवं गिरौद द्वारा अपने विभिन्न मांगों को लेकर जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के समक्ष दिनांक 12 से प्रस्तावित धरना प्रदर्शन की सूचना बाबत पत्र जिला प्रशासन एवं निको प्रबंधन को दिया गया था। जिसके तहत आज शनिवार को निकों प्रबंधन प्रतिनिधियों एवं आसपास के ग्रामों के पंचायत प्रतिनिधियों के मध्य बैठक रखी गई। जिसमें जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्राम पंचायत गिरौद मधु वर्मा, सरपंच हरि वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि सिलतरा रामकुमार वर्मा, उपसरपंच, रघुनाथ साहू, पंचायत सांकरा सरपंच ग्राम पंचायत मुरेठी रूखमणी निषाद सरपंच,उमेश निषाद, सरपंच प्रतिनिधि कंपनी प्रबंधन से आलोक पाण्डेय, अध्यक्ष, मानव संसाधन प्रबंधन शॉजी थॉमस, उपाध्यक्ष मानव संसाधन प्रबंधन मोहिबुल्ला खान, उपमहाप्रबंधक, मानव संसाधन प्रबंधन आर. एस. गौराहा, वरिष्ठ प्रबंधक, मानव संसाधन प्रबंधन मनहरण लाल वर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, मानव संसाधन प्रबंधन राजेन्द्र राठौर,कनिष्ठ प्रबंधक, मानव संसाधन प्रबंधन ने भाग लिया। ग्रामों के प्रस्तावों के तहत उक्त बैठक का आयोजन किया गया। जिस पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं संस्थान प्रबंधन प्रतिनिधियों के मध्य प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में प्रस्तावों पर चर्चा कर इसे समाप्त किया गया। साथ ही दिनांक 12को इन प्रस्तावों के तहत धरना प्रदर्शन करना निर्धारित था, उसे भी सहमति से आज को समाप्त किया गया एवं भविष्य में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं संस्थान प्रबंधन सभी कार्यों को मिलजुल कर करने हेतु अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते रहेगें।

# तिल्दा-नेवरा में लर्निंग लाइसेंस बनाने दो दिवसीय शिविर आयोजित



**तिल्दा-नेवरा।** नगर पालिका के सभापति रानी सौरभ जैन के प्रयास से नगर पालिका परिसर में लर्निंग लाइसेंस बनाने 2 दिवसीय शिविर का आयोजन शनिवार से किया गया है। रविवार को भी यह शिविर आयोजित है। यहां पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के शहरवासी लर्निंग लाइसेंस बनाने शिविर स्थल पर पहुंचे है। सभापति रानी सौरभ जैन शिविर स्थल पर उपस्थित होकर जायजा ली। भीड़ को देखते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह शिविर और लगाया जाएगा।

### ग्राम सांकरा व सिलतरा में मजदूर दिवस पर सम्मान समारोह 15 को

**सिलयारी।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मजदूर दिवस के अवसर पर प्रदेश स्तरीय मजदूर सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह 15 मई को शाम 4 बजे से 7 बजे तक ग्राम सांकरा, सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि अशोक चौधरी, इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता का कार्य भूपेश बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन करेंगे समारोह में विशिष्ट अतिथियों छाया वर्मा, अनिता योगेन्द्र शर्मा, राजू शर्मा एवं पूर्व सभापति जि.पं. रायपुर, देवव्रत नायक और मनोज वर्मा उपस्थित रहेंगे।

### अभनपुर में तीन दिवसीय रामलीला 25 से 27 तक

**अभनपुर।** ब्लॉक कालोनी मैदान अभनपुर में 25 से 27 मई तक तीन दिवसीय रामलीला का आयोजन अयोध्या वाली राम लीला मंडली जिन्होने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय मुख्य मंच से रामलीला का मंचन किया था। बताया गया कि यह कलाकार भारत सरकार के कला एवं नाट्य संस्थानो से प्रशिक्षित है इन्ही उच्च कोट के कलाकारो द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। इसकी तैयारी के संबंध मे विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा अभनपुर के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिको की बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को सफल बनाने जिम्मेदारी सौपी गई कार्य समिति के संरक्षक विधायक इन्द्रकुमार साहू,संयोजक उत्रसेन गहिरवारे,सह संयोजक चिन्मय दावड़ा,समिति अध्यक्ष मोहन अग्रवाल,उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा,मीडिया प्रभारी महेन्द्र पाण्डेय,प्रचार प्रसार आरएस चौसरिया सहित विभिन्न समिति की घोषणा की गई है।

न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202504114300013/153
विषयः- अ-20(1) सनः- 2024-2025

**मामले की श्रेणी:- राजस्व**

पंडरीतराई प.ह.न. 00047 [(हे.) ]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार भरत,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरत पिता चितरू निवासी तरूण नगर मोवा रायपुर द्वारा इस आशय से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि पंडरीतराई स्थित नजूल भूमि खसरा नं. 493, 494, 495 भूखंड क्रमांक 80 रकबा 36.18 वर्गमीटर भूमि को शासन की नीति के तहत नवीनीकरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के समर्थन में आवेदन पत्र के साथ मेन्टनेंस खसरा एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्तागण के माध्यम से दिनांक 13/05/2025 को या उसके पूर्व कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक-07 किसी भी दिन न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/04/2025 को जारी किया जाता है।

Manish Deo Sahu
मुहर न्यायालय तहसीलदार नजूल
कलेक्ट्रेट परिसर रायपुर (CG)

कार्यालय रा.नि.मं.-रायपुर-01

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 29.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नेहा अग्रवाल पिता श्री एन.के. अग्रवाल निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम चंदनीडीह पटवारी हल्का नंबर- 55 राजस्व निरीक्षक मण्डल 01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 11/8 रकबा 0.0460 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार /अतिरिक्त /नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 02/04/2025 के परिपालन में दिनांक 13/05/2025 को समय 01:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथी में पटवारी हल्का नंबर 55 के चंदनीडीह में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर 01

कार्यालय रा.नि.मं.-रायपुर-01

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 29.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय चौधरी पिता स्व. देवकीनंदन चौधरी निवासी वर्धा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम चंदनीडीह पटवारी हल्का नंबर- 55 राजस्व निरीक्षक मण्डल 01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 11/10 रकबा 0.0460 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार /अतिरिक्त /नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 02/04/2025 के परिपालन में दिनांक 13/05/2025 को समय 01:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथी में पटवारी हल्का नंबर 55 के चंदनीडीह में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर 01

**शपथ पत्र**

**जारी दिनांक 29/04/2025**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय चौधरी पिता स्व. देवकीनंदन चौधरी वि.व. एवं श्रीमती विभा अग्रवाल पति श्री नंदकिशोर अग्रवाल नि. रायपुर निवासी द्वारा आवेदित भूमि ग्राम चंदनीडीह पटवारी हल्का नंबर 55 राजस्व निरीक्षक मंडल 01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 59/5 रकबा 0.0360 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/ अतिरिक्त/ नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 02/04/2025 के परिपालन में दिनांक 13/05/2025 को समय 01:00 पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथि में पटवारी हल्का नंबर 55 के चंदनीडीह में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-01







**खबर संक्षेप**

## जॉब फेयर 14-15 को

रायपुर। शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 14 एवं 15 मई को कलेक्ट्रेट परिसर के निकट मल्टीलेवल पार्किंग की 5वीं मंजिल स्थित बीपीओ ऑफिस में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर द्वारा आयोजित जॉब फेयर के माध्यम से टेक्नो टास्क, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि., अपोलो फार्मेसी लिमिटेड, फिनोवामेड ओरगा प्रा. लि., संता टेक्नो प्रा. लि., शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित निजी कंपनियों द्वारा कुल 2428 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों में 10वीं, 12वीं, स्नातक, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, मैकेनिकल इंजीनियर, फिटर, वेल्डर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, अकाउंटेंट, मशीन ऑपरेटर, हेल्पर, इलेक्ट्रिशियन, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर जैसे विभिन्न पद शामिल हैं। इन पदों के लिए इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों को अपने बायोडाटा, आधारकार्ड की प्रति एवं शैक्षणिक व तकनीकी प्रमाणपत्रों की छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित होना होगा।

## संत कंवरराम चौक का सौंदर्यीकरण पूर्ण, कल महाआरती



रायपुर। कटोरा तालाब स्थित संत कंवरराम चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य संत कंवरराम सेवा समिति एवं युवा परिषद द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। यह जानकारी देते हुए युवा परिषद के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मध्यानी व महासचिव अजय वलेचा ने बताया कि सोमवार को रात्रि 8 बजे संतों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर 8.15 बजे महाआरती की जाएगी।

# गंगरेल डेम से रोज खप रहा 250 क्यूसेक रॉ वाटर, गर्मी बढ़ने पर 300 क्यूसेक पहुंच सकती है डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम का जल विभाग शहरवासियों की प्यास बुझाने गंगरेल डेम से रोज 250 क्यूसेक रॉ वाटर खरीद रहा है। गर्मी तेज होने पर यह मात्रा बढ़कर 300 क्यूसेक तक पहुंच सकती है।

शहर की पेयजल जरूरत को पूरा करने गंगरेल डेम में 3.15 टीएमसी पानी सुरक्षित रखा गया है। यह मात्रा शहरवासियों के सालभर की पेयजल आवश्यकता हिसाब से आंकी गई है। खास बात ये है, जल विभाग ने सिंचाई विभाग से वर्ष 2030 तक का एग्रीमेंट कर रखा है।

वर्तमान में रायपुर शहर की पेयजल जरूरत को ध्यान में रखते हुए 250 क्यूसेक रॉ वाटर गंगरेल डेम से छोड़ा जा रहा है। माना नहर से होते हुए यह पानी फिल्टर प्लांट के हटौद और कोंडापार बैराज से होते हुए खारून नदी तक पहुंच रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में इस समय रॉ वाटर का 350 एमएलडी लॉसेस में जा रहा है। वैसे शहर की पेयजल जरूरत हिसाब से 175 एमएलडी रॉ वाटर पर्याप्त होता है। पर नहर से पानी आने और वाष्पीकरण की दर ज्यादा होने से यह स्थिति बनी हुई है।

**खास बातें**

- माना नगर से हटौद, कोंडापार बैराज होते खारुन तक पहुंच रहा पानी
- रायपुर शहर के लिए गंगरेल डेम में 3.15 टीएमसी जल सुरक्षित



### जनवरी से बंद है प्राकृतिक बहाव का पानी

शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से आने वाला पानी जनवरी से मिलना बंद हो गया है। ऐसे में नगर निगम का जल विभाग फरवरी से ही शहरवासियों की पेयजल आपूर्ति करने गंगरेल डेम से पानी ले रहा है। शहर की 45 नई व पुरानी पानी टंकियों से प्रतिदिन 300 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। शहर के बैरनबाजार की पुरानी पानी टंकी और देवेंद्र नगर की पुरानी पानी टंकी का उपयोग भी संबंधित इलाके में पेयजल आपूर्ति के लिए किया जा रहा है। वहीं अमृत मिशन के तहत जोन 9 के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में 2 साल पूर्व बनाई गई लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकी अभी शुरू नहीं हो पाई है। राइजिंग लाइन बिछाने और इंटर कनेक्शन कार्य के लिए फंड नहीं होने की वजह से इन दोनों पानी टंकियों का लाभ शहर के आउटर में रहने वाले लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

## विड़बना : आपदा में उधार के संसाधनों से ही चलता है काम

# बिजली के तारों पर लटके पेड़, आपदा में बढ़ाते हैं आफत, काटने के लिए अलग से न फंड, न स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में ही बिजली के तारों पर सैकड़ों की संख्या में हर क्षेत्र में पेड़ लटके हुए हैं। थोक में ट्रांसफार्मर और खंभों के तारों के ऊपर पेड़ों की बड़ी-बड़ी डालियां लटकी हुई हैं। कई सब स्टेशनों में भी पेड़ों का जाल बिछा हुआ है। यही स्थिति पूरे प्रदेश की है। सबसे बड़ी बात यह है कि मेंटेनेंस के नाम पर पॉवर कंपनी महज खानापूर्ति करने के अलावा कुछ नहीं कर पाती। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि पॉवर कंपनी के पास इसके लिए न तो अलग से फंड है और न ही कोई अलग से स्टाफ है। जब आंधी-तूफान की आफत आती है, तब भी इससे निपटने के लिए साधनों की भी भारी कमी है। राजधानी रायपुर में सर्किल एक और दो में एक-एक क्रेन है। यह आपदा के समय के लिए नाकाफी है। ऐसे समय में उधार के संसाधनों के भरोसे काम चलाना पड़ता है।

- रायपुर में पॉवर कंपनी के पास महज दो क्रेन

आंधी-तूफान की आपदा के समय में बिजली व्यवस्था को बाधित करने का सबसे बड़ा काम तारों पर गिरने वाले पेड़ और फ्लैक्स करते हैं। फ्लेक्स का ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ता है, लेकिन पेड़ों के गिरने से ज्यादा परेशानी होती है। एक मई को जब तेज आंधी और तूफान आया था तो महज आधे घंटे के इस तूफान ने पूरे प्रदेश की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से चौपट कर दिया।

स्थिति यह रही कि कई इलाकों में 48 घंटों के बाद ही बिजली व्यवस्था बहाल हो सकी। बिजली व्यवस्था को बाधित करने का सबसे बड़ा काम पेड़ों ने ही किया। हजार से ज्यादा पेड़ तारों पर गिरे थे।



### उधार के संसाधनों का सहारा

आंधी-तूफान की जब भी आफत आती है तो पॉवर कंपनी को उधार के संसाधनों का ही सहारा रहता है। एक मई की आपदा के समय भी यहीं हुआ। जिला प्रशासन, वन विभाग और नगर निगम संसाधनों के सहारे काम किया गया। लेकिन इसके बाद भी काम की रफ्तार इतनी धीमी रही कि शहर में कई स्थानों के पेड़ एक सप्ताह तक रास्ते पर ही पड़े रहे। रायपुर में महज दो क्रेन पॉवर कंपनी के पास है। इसको आपदा के समय के लिए अधिकारी ही नाकाफी मानते हैं। इनके पास अलग से फंड भी नहीं है कि किराए से क्रेन और अन्य संसाधन मंगाकर काम करवा सकें। फिर भी मेंटेनेंस के फंड से काम करवाने का काम किया जाता है, ताकि बिजली व्यवस्था जल्द बहाल हो सके।

### फंड ही नहीं

राजधानी रायपुर का ऐसा कोई इलाका नहीं है जहां पर कदम-कदम पर बिजली के तारों के ऊपर पेड़ों का जाल न हो। इन पेड़ों को काटने का काम आमतौर पर बहुत कम होता है। जब उपभोक्ता शिकायत करते हैं तब पेड़ों को काटने के लिए बिजली विभाग का अमला आता है। लेकिन यह भी महज खानापूर्ति होती है। पेड़ काटने का काम करने वाले कर्मचारी कहते हैं कि इतने ज्यादा स्थानों पर बिजली के तारों पर पेड़ लटके हुए हैं कि उनको काटना संभव भी नहीं है, क्योंकि उनके पास और काम ज्यादा रहते हैं। पॉवर कंपनी के अधिकारी ही बताते हैं कि पेड़ काटने के लिए अलग से कोई फंड नहीं है, न ही इसके लिए कोई अलग से स्टॉफ है। जो स्टाफ काम करता है, उसी के खाली समय में यह काम करवाना पड़ता है। अगर अलग से फंड और स्टाफ हो जाए तो यह तय है कि पेड़ों का लगातार मेंटेनेंस होने पर आपदा के समय कम आफत आएगी।

# आमापारा से वंदना आटो तक डिवाइडर में रंगीन ग्रील, सुंदरता बढ़ाने रंगीन डेकोरेटिव पोल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के जीई रोड स्थित आमापारा बाजार चौक से वंदना आटो तक डिवाइडर में रंगीन ग्रील लगाया जा रहा है। आम जनता की सुरक्षा और मार्ग को सुंदर बनाने इस मार्ग में गढ़बो नवा रायपुर के स्लोगन वाले डेकोरेटिव पोल लगाकर आकर्षक रोशनी की गई है। साथ ही लैंड स्केपिंग के साथ ही मार्ग में कहीं सेना के जवान की आर्मीवाला आकृति बनाई गयी है, कहीं पर म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बजाते युवा की छवि देखी जा सकती है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने लोगों की सुविधा के लिए इस मार्ग में पहले से बने सिंगल डिवाइडर को डबल करने का कार्य भी शुरू कराया है।

- म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट के साथ आकर्षक चित्र, आर्मीवाला डिजाइन भी

रायपुर पश्चिम क्षेत्र स्थित जीई रोड को आकर्षक स्वरूप देने वंदना आटो से आमापारा बाजार चौक तक के मार्ग को सुंदर स्वरूप दिया जा रहा है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित एजेंसी द्वारा भीड़भाड़ वाले मार्ग में आम जनता की सुरक्षा के लिए मार्ग विभाजक के मध्य लोहे से बने डबल डिवाइडर बनाकर इसे रंग-बिरंगा स्वरूप दिया गया है। करीबन डेढ़ किलोमीटर एरिया के दायरे में लोगों के पैदल चलने के लिए नया पाथवे बनाया जा रहा है।

वहीं आमानाका ब्रिज के नीचे 1.25 करोड़ खर्च कर ड्रेनेज सिस्टम सुधारने, प्रकाश व्यवस्था, पेवर लगाने का कार्य किया जा रहा है। इस जगह पर साइंस कालेज की चौपाटी से व्यवस्थापित 64 स्मार्ट कियोस्क वाले वेंडरों को वेंडिंग जोन बनाकर शिफ्ट किया जायेगा।

## ग्राम अमोदी में लगा समाधान शिविर



रायपुर। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत शनिवार को आरंग ब्लॉक के ग्राम अमोदी में समाधान शिविर लगाया गया। इस शिविर में किसानों को किसान किताब (ऋण पुस्तिका), स्थानीय निवासियों को जाति प्रमाणपत्र दिए गए, साथ 489 आवेदनों का निराकरण किया गया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202504114300013/153
विषयः- अ-20(1) सनः- 2024-2025
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
पंडरीतराई प.ह.न. 00047 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार भरत, अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरत पिता चितरू निवासी तरूण नगर मोवा रायपुर द्वारा इस आशय से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि पंडरीतराई स्थित नजूल भूमि खसरा नं. 493, 494, 495 भूखंड क्रमांक 80 रकबा 36.18 वर्गमीटर भूमि को शासन की नीति के तहत नवीनीकरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के समर्थन में आवेदन पत्र के साथ मेन्टनेंस खसरा एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्तागण के माध्यम से दिनांक 13/05/2025 को या उसके पूर्व कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक-07 किसी भी दिन न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/04/2025 को जारी किया जाता है।

Manish Deo Sahu
मुहर
न्यायालय तहसीलदार नजूल
कलेक्ट्रेट परिसर रायपुर (CG)

कार्यालय रा.नि.मं.-रायपुर-01
**:: आम सूचना ::**
जारी दिनांक 29.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नेहा अग्रवाल पिता श्री एन.के. अग्रवाल निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम चंदनीडीह पटवारी हल्का नंबर- 55 राजस्व निरीक्षक मण्डल 01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 11/8 रकबा 0.0460 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार /अतिरिक्त /नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 02/04/2025 के परिपालन में दिनांक 13/05/2025 को समय 01:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथी में पटवारी हल्का नंबर 55 के चंदनीडीह में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर 01

कार्यालय रा.नि.मं.-रायपुर-01
**:: आम सूचना ::**
जारी दिनांक 29.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय चौधरी पिता स्व. देवकीनंदन चौधरी निवासी वर्धा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम चंदनीडीह पटवारी हल्का नंबर- 55 राजस्व निरीक्षक मण्डल 01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 11/10 रकबा 0.0460 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार /अतिरिक्त /नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 02/04/2025 के परिपालन में दिनांक 13/05/2025 को समय 01:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथी में पटवारी हल्का नंबर 55 के चंदनीडीह में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर 01

**शपथ पत्र**
जारी दिनांक 29/04/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय चौधरी पिता स्व. देवकीनंदन चौधरी वि.व. एवं श्रीमती विभा अग्रवाल पति श्री नंदकिशोर अग्रवाल नि. रायपुर निवासी द्वारा आवेदित भूमि ग्राम चंदनीडीह पटवारी हल्का नंबर 55 राजस्व निरीक्षक मंडल 01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 59/5 रकबा 0.0360 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/ अतिरिक्त/ नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 02/04/2025 के परिपालन में दिनांक 13/05/2025 को समय 01:00 पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथि में पटवारी हल्का नंबर 55 के चंदनीडीह में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-01






# शिवराज सिंह की सरगुजा में सभा की तैयारी जोरों पर, साढ़े तीन लाख पीएम आवास की देंगे सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- मुख्यमंत्री साय सहित दोनों डिप्टी सीएम, कई मंत्री, सांसद, विधायक रहेंगे सभा में
- सभा में 50 हजार की भीड़ जुटाने की तैयारी, सभी जिलों को दिया गया लक्ष्य






केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की 13 मई को सरगुजा में बड़ी सभा की तैयारी जोरों पर है। एक दिन पहले ही तैयारियों की जानकारी लेने के लिए डिप्टी सीएम विजय शर्मा और वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सरगुजा में सांसद, विधायकों की बैठक ली। शनिवार को भी भाजपा जिला संगठन की बैठक में तैयारियों पर चर्चा की गई और सभा में 50 हजार की भीड़ जुटाने के लिए सभी जिलों को लक्ष्य भी दिया गया है। इस सभा में प्रदेश को साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात मिलेगी। इसी के साथ सरगुजा संभाग को और कई सौगातें भी मिलने की संभावना है। इस सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम सहित सरगुजा संभाग के मंत्री, सांसद, विधायक, नगर निगम के महापौर, नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित प्रदेश भाजपा संगठन के पदाधिकारी भी रहेंगे।

प्रदेश में भाजपा की सरकार के बनने के पहले भाजपा ने अपने घोषणापत्र में प्रदेश में पीएम आवास से वंचित 18 लाख को प्रधानमंत्री आवास देने का वादा किया था। प्रदेश में लगातार प्रधानमंत्री आवास का ऐलान हो रहा है और प्रधानमंत्री आवास बनाए जा रहे हैं। इसके लिए केंद्र सरकार ने भी लगातार पीएम आवास की मंजूरी मिल रही है। अब प्रदेश को एक बड़ी सौगात साढ़े तीन लाख पीएम आवास की मिलने वाली है। इसका बड़ा ऐलान करने के लिए ही केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 13 मई को छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इस दिन उनकी सरगुजा के पीजी कॉलेज में बड़ी सभा रखी गई है। अभी यह तय नहीं है कि श्री चौहान सीधे सरगुजा पहुंचेंगे या फिर रायपुर आकर जाएंगे। वैसे संभावना यही जताई जा रही है कि वे सीधे सरगुजा ही पहुंचेंगे। उनका रविवार या सोमवार को मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी होगा।

### पीएम आवास का निर्माण भी देखने जाएंगे

सरगुजा के जिला भाजपा अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने बताया, केंद्रीय मंत्री की बड़ी सभा का आयोजन किया गया है। इसी के साथ उनके यहां पर कई और कार्यक्रम होंगे। सरोवर धरोहर के तहत श्री चौहान निड्रा खुर्द के सरोवर का दर्शन करने भी जाएंगे। इसी के साथ वे सरगुजा में बन रहे प्रधानमंत्री आवासों में से कुछ आवासों का भी अवलोकन करेंगे। सभा में वे हितग्राहियों को पीएम आवास की चाबियां भी सौंपेंगे।

### सभा में ये होंगे शामिल

सभा में मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम के अलावा सरगुजा संभाग के मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े के साथ संभाग के दस विधायक, तीन सांसद, आधा दर्जन जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर निगमों के महापौर, सभापति, नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित भाजपा के सभी पार्षद, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप



### डेढ़ साल में 21 सौ से ज्यादा पदों पर संविदा नियुक्ति

**रायपुर।** स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए विभाग मानव संसाधन की कमियों को दूर करने का लगातार प्रयास कर रहा है। इसी दौर में जनवरी 2024 से अप्रैल 2025 यानी लगभग डेढ़ साल में 21 सौ से ज्यादा पदों पर संविदा नियुक्ति दी गई है। इसमें 88 विशेषज्ञ चिकित्सक, 432 चिकित्सा अधिकारी, 344 स्टाफ नर्स, 87 एएनएम, 75 लैब टेक्नीशियन, 279 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और 878 अन्य पदों पर भर्ती की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। वर्तमान में 160 राज्य स्तरीय और 1953 जिला स्तरीय रिक्त संविदा पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है।

### मासूमों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**रायपुर।** तालु कटे होने की समस्या से जूझ रहे तीन बच्चों की मुस्कान देखते ही बन रही थी जब उनका ऑपरेशन सफल हुआ। स्वास्थ्य योजना चिरायु से मानो तीन मासूमों को एक नया जीवन मिल गया। आरंग हेल्थ टीम-सी द्वारा आयोजित शिविर में डेढ़ वर्षीय दक्षिका यादव, आठ वर्षीय प्रतिभा निर्मलकर और 6 वर्षीय दुर्गा भट्ट की तालु कटे होने की समस्या पाई गई थी। तीनों बच्चों का चिरायु योजना के अंतर्गत निशुल्क ऑपरेशन किया गया, जिससे उनके चेहरे पर नई मुस्कान आई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आंगनबाड़ी बैहार, प्राथमिक शाला गिधवा और प्राथमिक शाला भिलाई में आयोजित शिविर में इन बच्चों की जांच की गई थी। शुरुआत में उनके परिजन महंगे इलाज और ऑपरेशन को लेकर काफी चिंतित थे। तब चिरायु टीम की काउंसलिंग ने उनकी शंकाओं को दूर करते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत उनके बच्चों का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। अभियान में सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, डीपीएम मनीष मेजरवार, चिरायु नोडल डॉ. श्वेता सोनवानी सहित अन्य लोगों ने प्रमुख भूमिका निभाई।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई सर्जरी

**रायपुर।** प्रदेश में द्वितीयक स्वास्थ्य संस्थाओं में उपचार सुविधा को बेहतर बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा क्षेत्र की एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की गई है। वहां महिला मरीज के अंडाशय से करीब 2.5 किलो का ट्यूमर ऑपरेशन कर निकाला गया। यह जटिल शल्य क्रिया स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेवेन्द्र देव साहू के नेतृत्व में पूरा हुआ। उन्होंने बताया कि मरीज जब अस्पताल आई थी, तब उसे पेट में भारीपन और लगातार असहजता की शिकायत थी। जांच के बाद पाया गया कि उसके अंडाशय में बड़ा ट्यूमर विकसित हो चुका है, जिसे तत्काल हटाना जरूरी था। टीम के सहयोग से ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा।"

## साय ने दिखाई हरी झंडी, कहा-हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल

# छत्तीसगढ़ से देश के पहले हाइड्रोजन फ्यूल लॉजिस्टिक ट्रक का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को राजधानी स्थित अपने निवास परिसर से देश के पहले हाइड्रोजन फ्यूल लॉजिस्टिक ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ लगातार विकास कर रहा है और इसमें आज एक नया आयाम जुड़ा है। भारत के पहले हाइड्रोजन फ्यूल लॉजिस्टिक ट्रक का शुभारंभ छत्तीसगढ़ में हो रहा है। उन्होंने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस है और उन्होंने वर्ष 2070 तक भारत को शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बनाने का जो संकल्प लिया है, उसे पाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने इस अभिनव पहल के लिए सीएसपीजीसीएल और अडानी नैचरल रिसोर्सेस को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, यह पहल छत्तीसगढ़ और देश को हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर करने वाला क्रांतिकारी कदम होगा। पर्यावरण संरक्षण और औद्योगिक विकास के बीच संतुलन साधने में भी यह कदम मददगार होगा। छत्तीसगढ़ खनिज संपदा समृद्ध प्रदेश है और इस ट्रक का उपयोग खनिज परिवहन में होने से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। उन्होंने कहा, विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ संभव हैं और ऐसी पहल से हमारे संकल्प को और मजबूती मिलेगी। अडानी एंटरप्राइजेस के नैचरल रिसोर्सेस के सीईओ डॉ. विनय प्रकाश ने इस पहल को खनन क्षेत्र में सतत विकास के लिए मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम में राज्य बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक संजीव कटियार मौजूद रहे।

### तीन हाइड्रोजन टैंक से 200 किमी दूरी होगी तय

खास बात यह है कि अडानी नैचरल रिसोर्सेस एशिया की पहली कंपनी है, जिसने 'डोज़र पुश सेमी ऑटोनॉमस तकनीक को अपनाया है, जिससे सुरक्षा और स्थिरता दोनों को बढ़ावा मिल रहा है। इस ट्रक का इस्तेमाल गारे पेल्मा थर्ड ब्लॉक से राज्य के बिजली संयंत्र तक कोयले के परिवहन के लिए किया जाएगा। स्मार्ट तकनीक और तीन हाइड्रोजन टैंक से लैस ये ट्रक 200 किलोमीटर की दूरी तक 40 टन तक का माल ले जा सकते हैं। हाइड्रोजन से चलने वाले ये ट्रक धीरे-धीरे कंपनी के लॉजिस्टिक्स संचालन में इस्तेमाल होने वाले डीजल वाहनों की जगह ले लेंगे। एक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी फर्म और एक प्रमुख ऑटो निर्माता के सहयोग से अडानी कार्गो परिवहन के लिए हाइड्रोजन ईंधन सेल बैटरी से चलने वाले ट्रक विकसित कर रहा है।

### ग्रीन एनर्जी को मिलेगा बढ़ावा



हाइड्रोजन प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला तत्व है और सबसे विशेष बात यह किसी भी प्रकार का हानिकारक उत्सर्जन नहीं करता। हाइड्रोजन फ्यूल सेल से चलने वाले वाहन डीज़ल ट्रक जितनी दूरी और लोड उठाने की क्षमता रखते हैं, लेकिन धुएं के बजाए ये सिर्फ पानी के भाप और गर्म हवा उत्सर्जित करते हैं और आवाज़ भी बहुत कम करते हैं। चूंकि माइनिंग क्षेत्र में अधिकतर मशीनें मुख्य रूप से डीज़ल से ही चलती हैं, ऐसे में स्वच्छ ईंधनों को अपनाने से प्रदूषण और शोर को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही, यह कदम भारत की कच्चे तेल पर निर्भरता घटाने और कार्बन फुटप्रिंट कम करने में भी सहायक होगा।

## उद्यानों का सौंदर्यीकरण

# तीन बगीचों का होगा सौंदर्यीकरण उत्तर विधायक ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- महापौर मीनल चौबे, एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल कार्यक्रम में शामिल

शंकर नगर वार्ड के 3 अलग-अलग उद्यानों की सुंदरता बढ़ाने सौंदर्यीकरण किया जायेगा। साथ ही पंडित रविशंकर शुक्ल उद्यान के पास भारत गणराज्य के संविधान थीम पर बना बगीचा जल्द विकसित किया जायेगा।

रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के 3 उद्यानों का सौंदर्यीकरण करवाने क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने महापौर मीनल चौबे, लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल के साथ मिलकर भूमिपूजन किया। शंकर नगर वार्ड स्थित पण्डित रविशंकर शुक्ल उद्यान के पास नया बगीचा विकसित किया जायेगा। साथ ही दक्षिण मुखी हनुमान मन्दिर के पीछे उद्यान में 34 लाख 60 हजार रुपये, संकट मोचन हनुमान मन्दिर के बाजू स्थित उद्यान में 6 लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृत लागत से नए सौंदर्यीकरण कार्यों को जल्द कराये जाने विधायक पुरंदर मिश्रा ने शनिवार को भूमिपूजन किया।

इस मौके पर वार्ड पार्षद राजेश कुमार गुप्ता, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, अंशुल शर्मा सीनियर, सहायक अभियंता शैलेन्द्र पटेल, उप अभियंता अर्जिता दीवान उपस्थित रहीं।

# बैज ने की मांग, 18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



बैज का आरोप- कांग्रेस सरकार ने जिन मकानों की पहली किस्त जारी की थी, उसी को आगे बढ़ा रही

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, साय सरकार 18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे। भाजपा सरकार 18 लाख आवास स्वीकृत होने का झूठा दावा करती है, जबकि सच्चाई यह है कि साय सरकार ने गरीबों को आवास देने के नाम पर धोखाधड़ी की है। जो भी आवास बने हैं और जो बन रहे हैं वो कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत हुए थे। कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में सच्चाई है, तो स्वीकृत आवास हीनों के नाम सार्वजनिक किए जाएं।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आवास के नाम पर भाजपा सरकार भ्रम फैला रही है। विधानसभा चुनाव में वादा किये थे 18 लाख आवासहीनों को आवास देंगे, अब दावा कर रहे हैं 8 लाख आवासहीनों के खाते में पहली किस्त डाली गयी है। हकीकत यह है कि सरकार के पास अभी तक पात्र हितग्राहियों की न सूची है और न संख्या, जिन लोगों के खाते में पहली किस्त डालने का दावा कर रहे हैं, उन सभी के खाते में पहली किस्त तो कांग्रेस की सरकार ने अक्टूबर में ही जारी कर दी है। भाजपा सरकार में साहस है, तो जिन लोगों के खाते में पैसा डालने का दावा कर रहे हैं, उनकी सूची सार्वजनिक की जाए।



### कांग्रेस की जयहिंद मशाल रैली, शहीदों-दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने राजधानी रायपुर में कांग्रेसियों एवं शहरवासियों समेत हजारों की संख्या में 'जयहिंद मशाल रैली' निकालकर सभी भारतीय नागरिकों की एकजुटता का संकेत दिया। मशाल रैली निकलने से पूर्व उपस्थित कांग्रेसजन एवं आमजनों द्वारा सर्वप्रथम पहलगाम में 28 दिवंगत के साथ 10 दिवंगत हुए जवान एवं भारतीय को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने कहा, हम अपनी सेना और सशस्त्र बलों के साथ मजबूती से खड़े हैं। सभी जाति, धर्म, मजहब के लोग आज देश के साथ एकजुट हैं। भारतीय सेना विषय बड़ा है राष्ट्र की शान का, जिसने हमें साहसी बनाया, नाम नहीं लिया विश्राम का"।

# भंडारण में लापरवाही, परेशान होकर उचित मूल्य दुकान के दो संचालकों ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में नागरिक आपूर्ति निगम (नान) के अधिकारी एवं कर्मचारियों की लापरवाही के कारण अब राशन कार्ड धारकों के साथ उचित मूल्य दुकानों के संचालक भी परेशान होने लगे हैं। बार-बार मांग करने के बाद भी दुकानों में समय पर खाद्यान्न का भंडारण नहीं किया जा रहा है, जिससे परेशान होकर अब दुकान संचालक भी इस्तीफा देने लगे हैं।

धरसींवा ब्लॉक के दो दुकान संचालकों ने खाद्यान्न नहीं मिलने से परेशान होकर इस्तीफा दे दिया हैं। इस्तीफा की सूचना दोनों संचालकों ने खाद्य विभाग के वाट्सप ग्रुप में डाला है। दुकान संचालकों की इस सूचना के बाद नागरिक आपूर्ति निगम के कार्यालय से लेकर गोदामों में हड़कंप मचा हुआ है। इधर इस मामले में नान रायपुर के अधिकारी-कर्मचारी कुछ भी बयान देने से बच रहे हैं, वहीं खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि इस मामले में नान अधिकारी से जवाब मांगा जाएगा।



### खाद्यान्न भंडारण करने में नान जिले में फिसड्डी

जिले की उचित मूल्य की दुकानों में चावल, शक्कर एवं नमक का वितरण करने में नान दूसरे जिलों की तुलना में फिसड्डी साबित हुआ है। रायपुर की तुलना में दूसरे जिलों की राशन दुकानों में समय पर भंडारण नहीं करने की बहुत कम शिकायतें देखी जा रही हैं। रायपुर जिले में अब तक शहरी क्षेत्रों में चावल और शक्कर के भंडारण में देर की शिकायतें मिल रही थी, लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस तरह की शिकायतें मिलने लगी हैं।

### इन दुकानों के संचालकों ने दिया इस्तीफा

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा क्षेत्र में संचालित दुकान आईडी 442001002 तथा ग्राम बरतनारा की दुकान आईडी 442001013 के संचालकों ने खाद्य विभाग के वाट्सप ग्रुप में 9 मई को अपना इस्तीफा देने की सूचना डाली है। इस ग्रुप में उस क्षेत्र की सभी राशन दुकानों के संचालकों के साथ खाद्य विभाग के अधिकारी, क्षेत्र के इंस्पेक्टर से लेकर नान के अधिकारी एवं गोदाम के प्रभारी एवं कर्मचारियों के नंबर भी एड हैं। दुकान संचालक इसी ग्रुप के माध्यम से खाद्यान्न का भंडारण किए जाने की मांग करते हैं, जिसके बाद गोदाम से दुकानों में खाद्यान्न की सप्लाई की जाती है।

## राज्य में अब तक 40 लाख 95 हजार आवेदन, निराकरण करने में लगा प्रशासन

# सुशासन तिहार : आवेदनों के निराकरण में धमतरी सबसे आगे, पीएम आवास पर अधिक अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में आम जनता की शिकायतों एवं मांगों के त्वरित समाधान के लिए 'सुशासन तिहार' का आयोजन जारी है। तीसरे चरण में प्रदेशभर के गांवों और कस्बों में शासन-प्रशासन पूरी तत्परता और तन्मयता के साथ आमजन की बातें सुन रहा है और उनका समाधान कर रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं। वे गांवों के आकस्मिक दौरे कर रहे हैं। शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत का मूल्यांकन कर रहे हैं। जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं और समाधान शिविरों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका मौके पर निराकरण करवा रहे हैं।

सुशासन तिहार के तहत अब तक 40 लाख 95 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अधिकतर का निराकरण कर लिया गया है। इसमें धमतरी जिला ने लगभग 2 लाख 28 हजार आवेदनों में से 99.38 प्रतिशत का निराकरण कर राज्य में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश के 14 जिले धमतरी, महासमुंद, सक्ति, बालोद, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मुंगेली, रायपुर, सरगुजा, दंतेवाडा, दुर्ग, जांजगीर-चाम्पा, नारायणपुर, बीजापुर ने 90 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण कर लिया है। जबकि गरियाबंद, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बलौदा बाज़ार-भाटापारा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कबीरधाम, बेमेतरा, जशपुर, कोरिया, कांकेर, सूरजपुर जिले ने 80 से 90 प्रतिशत आवेदनों का समाधान किया है। बस्तर जिले में 78.48 प्रतिशत, कोण्डागांव में 70.97 प्रतिशत, बलरामपुर-रामानुजगंज जिलें में 60.59 प्रतिशत, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर ने 59 प्रतिशत, कोरबा जिले ने 41.61 प्रतिशत तथा सुकमा जिले ने 30 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

सुशासन तिहार 2025

### प्रशासन को जनता के निकट लाने में सफल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह पहल छत्तीसगढ़ राज्य को, जनभागीदारी पर आधारित सुशासन की दिशा में आगे बढ़ा रही है। गांवों में शिविरों में पहुंचकर आम लोगों से संवाद करना, शिकायतों की तत्काल सुनवाई करना और शासकीय तंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाना, यही सुशासन तिहार की मूल भावना है। 'सुशासन तिहार' छत्तीसगढ़ शासन की एक अभिनव पहल है, जिसने प्रशासन को जनता के और निकट लाकर विश्वास, समाधान और सेवा की एक मजबूत परंपरा को जन्म दिया है।

### रायपुर को मिले सर्वाधिक आवेदन

रायपुर जिले को 3 लाख 764 आवेदन प्राप्त हुए, जो राज्य में सर्वाधिक है, इसके बाद दूसरे क्रम पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला है। धमतरी, बिलासपुर और बस्तर क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवे स्थान पर हैं। निराकरण के मामले में धमतरी पहले, महासमुंद दूसरे और सक्ति जिला तीसरे स्थान पर हैं. बालोद और रायगढ़ चौथे और पांचवें क्रम पर हैं।

**पीएम आवास योजना के 10 लाख आवेदन**

सुशासन तिहार के दौरान सर्वाधिक 10 लाख से अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित प्राप्त हुए, जिनमें से 94.70 प्रतिशत का निराकरण हो चुका है। उज्ज्वला योजना से जुड़े 1.47 लाख और राशन कार्ड हेतु 1.12 लाख आवेदनों में से अधिकांश का समाधान कर दिया गया है। शहरी क्षेत्रों में सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित मांगें भी प्रमुख रहीं।

**महिला एवं बाल विकास विभाग निराकरण में आगे**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 25 लाख 77 हजार 747 आवेदन प्राप्त हुए. राजस्व विभाग को 3 लाख 74 हजार 429, खाद्य विभाग को 2 लाख 18 हजार 113, महिला एवं बाल विकास विभाग को 1 लाख 57 हजार और नगरीय प्रशासन विभाग को 1 लाख 42 हजार 475 आवेदन प्राप्त हुए. निराकरण में महिला एवं बाल विकास विभाग प्रथम, श्रम विभाग दूसरे, तथा उद्योग, पशुपालन और खाद्य विभाग क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

# कुम्हारी सीएमओ निलंबित

## डिप्टी सीएम ने लापरवाही पर जताई थी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



कार्यों में लापरवाही और धीमी प्रगति पर नगरीय प्रशासन विभाग ने कुम्हारी नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर को निलंबित करने का आदेश जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कुम्हारी नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया था। अपूर्ण दस्तावेजों, रिकॉर्ड संधारण और कार्यों में लापरवाही पर सीएमओ को फटकार लगाई थी। प्रधानमंत्री आवास योजना और अमृत मिशन के कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई थी। उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि कल कुम्हारी नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण कर रिकॉर्ड की जांच की। कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर व कैशबुक रजिस्टर का अवलोकन किया। साथ ही निर्माण कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा, हमारे कार्यालय सुव्यवस्थित चलें, जन अपेक्षाओं पर खरा उतरें, कर्मचारी पूरे समय में कार्यालयीन कार्य में रहें, बिना छुट्टी के कोई अनुपस्थित ना रहें, यह सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

माँ तुझे प्रणाम...

# मातृ दिवस
## की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**माँ: एक अहसास, एक आशीर्वाद** माँ... ये शब्द सुनते ही दिल को सुकून मिल जाता है। माँ केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि संपूर्ण ब्रह्मांड की सबसे पवित्र भावना है। वह ममता की मूर्ति है, त्याग की देवी है और प्रेम की सबसे सच्ची परिभाषा है। मदर्स डे हमें यह याद दिलाने का अवसर देता है कि हमारे जीवन में माँ का स्थान कितना महत्वपूर्ण है।हर बच्चे के जीवन में माँ उसकी पहली गुरु होती है। वह न केवल जीवन देना जानती है, बल्कि जीवन जीना भी सिखाती है। माँ की गोद वह पहला विद्यालय है जहाँ बच्चा बोलना, चलना और जीवन के संस्कार सीखता है। माँ की ममता, उसका निस्वार्थ प्रेम, उसकी मूक प्रार्थनाएँ ही बच्चे के भविष्य की नींव होती हैं।आज की तेज़ रफ़्तार ज़िंदगी में हम अपने कामों में इतने उलझ जाते हैं कि माँ के साथ समय बिताना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में मदर्स डे हमें मौका देता है कि हम रुककर उस अनमोल रिश्ते को संजोएं, जिसने हमें बिना किसी अपेक्षा के सब कुछ दिया।माँ हर रूप में खास होती है — चाहे वह एक गृहिणी हो या एक कामकाजी महिला। वह सुबह सबसे पहले उठती है और रात को सबसे आख़िर में सोती है, सिर्फ इसलिए ताकि उसका परिवार खुश और सुरक्षित रहे। उसकी गोद दुनिया की सबसे सुकून भरी जगह होती है।आज के दिन हमें न केवल अपनी माँ के प्रति आभार प्रकट करना चाहिए, बल्कि समाज में उन सभी माताओं को भी सलाम करना चाहिए जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रहीं हैं। साथ ही, उन मातृ-स्वरूप महिलाओं को भी सम्मान देना चाहिए जो हमारे जीवन में माँ जैसा स्थान रखती हैं — दादी, नानी, बड़ी बहन या कोई शिक्षिका।मदर्स डे केवल उपहार देने का दिन नहीं, बल्कि माँ के त्याग और योगदान को समझने, उन्हें सराहने और उनके साथ समय बिताने का दिन है। आइए इस अवसर पर माँ को सिर्फ 'थैंक यू' न कहें, बल्कि उन्हें गले लगाकर यह एहसास दिलाएं कि उनका स्थान हमारे जीवन में सर्वोपरि है।इस विशेष दिन पर हर पाठक से आग्रह है कि अपनी माँ के साथ कुछ पल बिताएं, उन्हें वह प्यार दें जिसकी वे हकदार हैं। क्योंकि माँ सिर्फ एक दिन की नहीं होती, वह तो हर दिन, हर पल हमारे साथ होती है — हमारे दिल में, हमारी दुआओं में, और हमारे हर अच्छे कर्म में।



"माँ" की एक दुआ जिन्दगी बना देगी,
खुद रोएगी मगर तुम्हे हँसा देगी
कभी भुल के भी ना "माँ" को रूलाना,
एक छोटी सी गलती पूरा अर्श हिला देगी !!

कक्षा 10 वी मे 88 परसेंट पाने पर
प्रणव धर दीवान
और कक्षा 7 वी मे 95 परसेंट पाने पर
प्रियदर्शना दीवान
को बधाई और आशीर्वाद।
जनता का मान
पंकज दीवान

मातृछाया है जहां, वो आवास है देवालय
वीजीआर रियल स्टेट की ओर से
मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
VGR's Capital Homes
Behind Ambuja Mall, Saddu
3 BHK Bungalows & Plots
https://rera.cgstate.gov.in
Rera No. PCGRERA070618000097
VGR REAL ESTATE Building happiness
वीजीआर रियल स्टेट
मधु पिल्ले चौक, शांति नगर, रायपुर
7725005500

MOTHER'S PRIDE SR. SEC. SCHOOL
Affiliated to CBSE Affiliation No. 3330112
ADMISSION OPEN 2025-26
Nursery-12th
Hostel Available
Admission Fees Off
IIT NEET Foundation Classes
SUNDAY OPEN
Office Timing 9 am to 4 pm All Days
BRANCH
• Sunder Nagar Chowk Ph.: 0771-2241907
• Professor Colony, Sector-2, Street No.3, Raipur (C.G.) Ph.: 78690-34236
• Mahadev Ghat Road, Khamhariya (Sankra)
8602348376, 8319023876
www.mothersprideschool.org, Email. mpskhamhariya@gmail.com

मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
देवी लक्ष्मी हॉस्पिटल
एवं मातृत्व फर्टीलिटी सेन्टर
BEGIN YOUR JOURNEY OF FERTILITY WITH OUR CARE
सर्जिकल, प्रसूति, इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी सेंटर
एडवान्स लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जरी
डॉ. सुभाष अग्रवाल
MS, FAIS, FIAGES, FALS, FMAS
Advance Laproscopic Surgeon
CGMC/720/2007
डॉ. मोनिका अग्रवाल
M.B.B.S., MD, FMAS
Obsetetrician & Gynaecologist
CGMC/719/2007
बी-19/5, टैगोर नगर, रिंग रोड नं. - 1, रायपुर
फोन नं.: 0771-2421964, 4051763, 9424202764

Chhattisgarh Eye Hospital
छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय
मध्यभारत का एकमात्र अस्पताल जो पिछले 41 वर्षों से भी अधिक समय से नेत्र रोगियों की सेवा में अग्रसर है।
मात्र ₹100
आँखों से सम्बंधित समस्याओं का सम्पूर्ण इलाज
• कॉर्निया ट्रांसप्लांट
• डायबिटिक रेटिनोपैथी
• भेंगापन का इलाज
• मोतियाबिंद का इलाज
• ग्लूकोमा सर्जरी
ऑटो रिफरेक्शन द्वारा आँखों के विज़न की जांच
नॉन कॉन्टैक्ट टोनोमीटर द्वारा आँखों के दबाव की जांच
आँखों के पावर की जांच
स्लिट लैंप द्वारा आँखों की जांच
Telibandha, G.E.Road, Raipur (C.G.) 492001 9981715555, 9981787777
@chhattisgarheye @cgeyehospital www.cehospital.org

New Bharat Sweets
Swaad Jo Rahe Yaad
• Family AC Dining
• Fully Hygiene Kitchen
• Parking Facility
OPERATION SINDOOR
नमन है उन माताओं को जिन्होंने देश की सेवा के लिए ऐसे वीर सपूतों को जन्म दिया
जय हिंद
Happy Mother's Day
अपनों के साथ खुशियों की मिठास
राणा भैया
शंभू भैया
Opp. BTI Ground, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
7987533563, 7225944407

वीरता का नया अध्याय, हमें गर्व हैं भारतीय सेना पर
OPERATION SINDOOR
डॉ. अखिलेश दुबे डॉ. संतोष कुमार डॉ. सौमित्र दुबे
श्री राम हॉस्पिटल
इंगनिया, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9009998333

Happy Mother's Day
जब जब कोई राह मुश्किल लगी,
मां की ममता हर दर्द पे भारी लगी।
वो थाम लेती है बिना कुछ कहे,
मां की दुआ सबसे प्यारी लगी।
NMH Nirakar Multispeciality Hospital
निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
रखें आपके सेहत का ख्याल
0771-3133896 +91 98932 99953 nirakarmultispecialityhospital@gmail.com
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### हिस्ट्रीशीटर समेत दो गिरफ्तार

रायपुर। गोलबाजार पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर समेत दो युवकों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया गायत्री सोनी निवासी राजीव आवास रायपुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी पीयूष बघेल एवं मुकेश उर्फ मुक्कू नायक ने चाकू से उसे डराते हुए उससे गाली-गलौज की। पुलिस ने इसके बाद पीयूष और मुक्कू को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। आरोपियों में पीयूष गोलबाजार का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है, जिसके विरुद्ध थाने में हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट, बलवा, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट के तहत आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



रायपुर। महिला पर जानलेवा हमला करने वाले दो युवकों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मौलीमाता मंदिर के पास रहने वाली प्रार्थिया शीतल तिवारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 मई को वह दोपहर के समय अपने परिवार के साथ घर के बरामदे में बैठी थी। इसी दौरान भुवन हरपाल निवासी पटेल चौक एवं पंकज कोहड़े निवासी नंदी चौक टिकरापारा अपने एक अन्य साथी के साथ वहां पहुंचा और उसके घर के दरवाजा को लात से मारकर जबरदस्ती बरामदे में घुस आए तथा शीतल के बड़े बेटे को जान से मारने की धमकी दी। उसके बेटे ने जब उन्हें घर से बाहर निकलने के लिए कहा तो इस बात पर झगड़ा करते हुए आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और चाकू से उस पर हमला कर दिया। इससे उसे चोट आई है। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए, जिनमें से दो आरोपियों को धारा 109(2), 3(5), 333, 238, 111 बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से चाकू भी बरामद किया है। आरोपियों का तीसरा साथी अभी फरार है।

### कार चालक के विरुद्ध महिला ने दर्ज कराया केस

रायपुर। एक कार चालक की लापरवाही से एक दोपहिया वाहन सवार महिला गिरकर घायल हो गई। घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई है। प्रार्थिया नौरीन निशा निवासी रहमानिया चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पचपेड़ी नाका के पास एक कार सड़क पर खड़ी थी। इस समय नौरीन अपनी स्कूटी से जा रही थी। जैसे ही वह कार के नजदीक पहुंची, तभी उसके चालक ने अचानक कार का दरवाजा खोल दिया, जिससे वह उससे टकराकर गिर गई। इससे उसे चोट आई है। पुलिस ने इस मामले में कार चालक के विरुद्ध धारा 281, 125 ए बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# रेलवे स्टेशन में बढ़ी सुरक्षा, मशीन व डॉग स्क्वाड से हर यात्री और सामान की हो रही जांच

## भारत-पाक सीमा पर तनाव के बीच स्टेशनों और ट्रेनों में आरपीएफ हुई सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत-पाक सीमा पर तनाव के बीच राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। स्टेशन में आने-जाने वाले यात्रियों और पार्सल के जरिए पहुंचने वाले सामान की गहन जांच की जा रही है।

सुरक्षा एजेंसियां मेटल डिटेक्टर, स्कैनिंग मशीन और डॉग स्क्वाड की मदद से हर यात्री के सामान की जांच कर रही हैं। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक एस. दत्ता ने बताया कि युद्ध समाप्ति के बाद भी रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जारी रहेंगे। प्लेटफॉर्म पर तैनात जवान और सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ की जा रही है और किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा रही है।

बता दें कि रायपुर रेलवे स्टेशन में दिनभर में 50 हजार से अधिक यात्रियों की आवाजाही होती है। अलर्ट होने के बाद दिनभर में स्टेशनों में जांच अभियान जारी है।

### लंबी दूरी की ट्रेनों में बढ़ाई गई सुरक्षा

रायपुर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सख्त कर दी गई है। स्टेशन में कुल चार प्रवेश द्वार हैं, जहां से कोई भी आसानी से अंदर जा सकता है। इसे देखते हुए अब हर यात्री के सामान की मशीन और डॉग स्क्वॉड की मदद से जांच की जा रही है। प्लेटफॉर्म से लेकर वेटिंग हॉल तक आरपीएफ सतर्क नजर आ रही है। शनिवार को भी दिनभर आरपीएफ के जवान स्टेशन के अलग-अलग हिस्सों में जांच करते दिखे। लंबी दूरी की ट्रेनों में अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।



### नियमित चलेगी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

मौजूदा सुरक्षा स्थिति को ध्यान में रखते रेल बोर्ड नई दिल्ली के द्वारा पंजाब राज्य में जाने वाली कुल 28 ट्रेनों को बीच रास्ते में समाप्त करने की घोषणा की थी, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को भी 10, 11 एवं 12 मई तक मेरठ स्टेशन में समाप्त करने आदेश जारी हुआ था, लेकिन 2 घंटे के बाद ही रेलवे बोर्ड से ट्रेन के नियमित परिचालन की सूचना दी है।

# 7 जगह स्मार्ट रोड बनाने 32 करोड़ फूंके पाथवे पर अवैध पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- रायपुर स्मार्ट सिटी का प्रोजेक्ट, करोड़ों खर्च, फिर भी कम नहीं हुई परेशानी

शहर की 7 प्रमुख सड़कों को स्मार्ट रोड बनाने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 32 करोड़ खर्च कर सड़क चौड़ीकरण, बिजली तारों को भूमिगत करने, अंडरग्राउंड सीवरेज सिस्टम और डिवाइडर निर्माण कराने के साथ ही पैदल चलने वालों के लिए पाथवे निर्माण कराया, पर तीन साल में ही पैदल चलने वालों के लिए बनाये गए पाथवे गाड़ियों की अवैध पार्किंग का ठिकाना बन गए हैं। ठेले -गुमटी वालों ने सड़क घेरकर दुकानदारी शुरू कर दी है। चाहे आमापारा चौक से लाखे नगर मार्ग की सड़क हो या निगम मुख्यालय से बूढ़ापारा वाली स्मार्ट रोड का भी कमोबेश यही हाल है। जनता रोज करोड़ों खर्च कर बनाये गये स्मार्ट रोड में ट्रैफिक जाम से पिस रही है। वहीं निगम प्रशासन और ट्रैफिक महकमा ने इस ओर आंखें फेर ली है। जनता की समझ ये नहीं आ रहा है कि स्मार्ट रोड किसके लिए और क्यों बनाई गयी?

### ठेला-गुमटियों से चलना दूभर



**केस 1**

### बूढ़ापारा चौक से निगम मुख्यालय होते बूढ़ेश्वर मंदिर चौक मार्ग

बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक से निगम मुख्यालय होते हुए बूढ़ेश्वर मंदिर चौक तक स्मार्ट रोड विकसित किया गया है, ताकि पैदल चलने वालों को सुगम पाथवे और दोपहिया, तिपहिया चारपहिया वालों को चौड़ी सड़क मिल सके। बिजली के तारों को अंडरग्राउंड कर डिवाइडर बनाया गया। नए स्ट्रीट पोल लगाये गये, पर निगम मुख्यालय के सामने मुख्य मार्ग की सड़क पर गाड़ियों की अवैध पार्किंग और सड़क घेरकर ठेले-गुमटी लगाने से सड़क सकरी हो चली है। धरना स्थल वाली सड़क के दोनों ओर की फुटपाथ चलने लायक नहीं बचा। स्मार्ट रोड से यहां किसको फायदा हुआ यह समझ से परे है। अलबत्ता 2 करोड़ रुपये इसमें फूंक दिये गये।

**केस 2**

### आमापारा से लाखेनगर मार्ग

आमापारा बाजार चौक से लाखे नगर होते हुए आरकेसी तक के मार्ग को 10 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च कर स्मार्ट रोड बनाया गया। रंगरोगन, सौंदर्यीकरण और डिवाइडर के साथ मार्ग में आकर्षक लाइट लगाये गये। सड़क चौड़ीकरण होने से एक हद तक लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिली, पर सड़क के दोनों ओर अवैध ठेले-गुमटी, शेड लगाकर सड़क घेरने से लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। व्यावसायिक परिसर के सामने ग्राहकों और दुकादारों की गाड़ियां खड़ी रहती हैं। सारथी चौक के पास शाम होते ही जाम लगने से लोग परेशान रहते हैं। सड़क चौड़ीकरण का फायदा जनता को नहीं मिल पा रहा है।

**केस 3**

### मोतीबाग चौक से ओसीएम चौक तक की सड़क बेहाल

मोतीबाग चौक से शास्त्री चौक आने जाने वालों को ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने सड़क चौड़ीकरण कर डिवाइडर निर्माण कराया गया। बिजली के झूलते तारों को भूमिगत कर ड्रेनेज सिस्टम सुधारते हुए सुव्यवस्थित रूप दिया गया। इस मार्ग में स्मार्ट सड़क बनने से लोगों को सुभाष स्टेडियम मार्ग से सीधे शास्त्री बाजार आने-जाने बायपास सड़क मिली। इसे स्मार्ट रोड का स्वरूप दिया गया। उस सड़क के दोनों ओर अवैध पार्किंग कर चारपहिया, तिपहिया वाहन धड़ल्ले से खड़े किये जा रहे हैं। यही नहीं, दुकानदार सड़क घेरकर अपनी गाड़ियां खड़ी कर रहे हैं। सकरी सड़क में शाम होते ही ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है।

# गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्ध कराने चैंबर ने की पहल, पानी की व्यवस्था करेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- अध्यक्ष सतीश थौरानी ने संगठनों से किया आग्रह पुण्य के कार्य में करें सहयोग

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स शहर में आम आदमी को राहत पहुंचाने शीतल पेयजल की व्यवस्था करेगा। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने सभी संगठनों से आग्रह किया है, प्याउघर के लिए जगह चिन्हांकित करें, जितने पानी की जरूरत होगी, चैंबर उसकी व्यवस्था करेगा।

व्यापारियों को संगठन स्तर पर मजबूती देने के साथ ही चैंबर अब सामाजिक कार्यों में भी सहभागी बनने पहल कर रहा है। गर्मी के सीजन में राहगीरों की प्यास बुझाने विभिन्न संगठनों से अपने -अपने क्षेत्र में जगह चयनित कर प्याऊ खोलने और पानी पिलाने की जिम्मेदारी उठाने आग्रह किया है।



चैंबर के शपथ ग्रहण के समारोह के कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शहर के सभी व्यापारियों से भी अपील की थी कि जल ही जीवन है और ये बहुत पुण्य का कार्य है, इसलिए रोजाना पानी पिलाने के कार्य की जिम्मेदारी लें। इसी कड़ी में आज आलू प्याज व्यापारी संगठन टिंबर एसोसियेशन एवं सराफा एसोसिएशन ने प्याऊघर की शुरुआत की। इसका उद्घाटन चैंबर के अध्यक्ष सतीश थौरानी ने किया।

श्री थौरानी के नेतृत्व में चैंबर ने शनिवार को तीन स्थानों भनपुरी शीतल ट्रेडर्स, रायपुर आलू प्याज आढ़तिया संघ नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर प्लाईवुड एसोसिएशन देवेंद्र नगर, सदर बाजार रायपुर सराफा एसोसिएशन के सहयोग से प्याऊ घर शुरू किए हैं।

इस अवसर पर जितेंद्र दोशी,रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली, सचिव दीपचंद कोटड़िया,चैंबर के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश वासवानी ,राधाकृष्ण सुंदरानी, कपिल दोशी, सुदेश मध्यान, चैंबर रायपुर जिला उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन सहित अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

# मधु अरोरा बनी कैट की महिला प्रदेश अध्यक्ष



रायपुर। मधु अरोरा कैट की महिला प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। उनके नाम का प्रस्ताव कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने महिला अध्यक्ष के लिए प्रस्तुत किया, जिसे बैठक में शामिल सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से समर्थन करते हुए उन्हें महिला प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने संयुक्त रूप से कैट के प्रदेश कार्यालय में गत दिनों एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया, जिसमें आगामी दो वर्षों के लिए प्रदेश महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी को नई प्रदेश महिला कार्यकारिणी गठन के लिए अधिकृत किया गया था। श्री पारवानी के मार्गदर्शन में बैठक प्रारंभ हुई, जिसमें कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने मधु अरोरा के नाम का प्रस्ताव प्रदेश महिला अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया।

# नंदनवन रेस्क्यू सेंटर में उम्रदराज बीमार तेंदुआ की मौत

- गाल में ट्यूमर होने से हुई मौत

रायपुर। नंदनवन रेस्क्यू सेंटर में गंभीर रूप से बीमार, अशक्त चार तेंदुआ तथा एक लकड़बग्घे को बंधक बनाकर रखने के आरोप में बवाल होने के बीच एक 16 वर्ष के नरसिम्हा नामक तेंदुआ की लंबी बीमारी के बाद शनिवार को मौत हो गई। गाल में ट्यूमर होने की वजह से तेंदुआ ने खाना पीना छोड़ दिया था। तेंदुआ का उपचार तीन अलग-अलग डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जा रहा था।

नंदनवन में जिस तेंदुआ की मौत हुई है, उसे बालोद वन परिक्षेत्र से वर्ष 2014 में रेस्क्यू कर लाया गया था, तब उसकी उम्र पांच से छह साल की थी। तेंदुआ के दोनों आंख में ग्लूकोमा होने के साथ उसके केनाइन दांत टूटे हुए थे। इस वजह से तेंदुआ को उसके प्राकृतिक रहवास में छोड़े जाने के बजाय नंदनवन रेस्क्यू सेंटर में रखा गया था। विभाग द्वारा जारी बयान के मुताबिक तेंदुआ के दाहिने ऊपरी गाल में ट्यूमर था, जिसका दो महीने से उपचार किया जा रहा था। ट्यूमर बढ़ने की वजह से तेंदुआ को भोजन, पानी और दवाओं के सेवन में कठिनाई होने लगी थी। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया निदेशक एवं तीन पशु चिकित्सकों की उपस्थिति में की गई।




## बिजनेस साइट

### आईएलएस हॉस्पिटल्स ने रायपुर में खोला अपना पांचवां मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल



- विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस, मध्य भारत को मिलेगा बेहतर स्वास्थ्य सेवा का लाभ

रायपुर। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों से एक भरोसेमंद नाम बन चुके आईएलएस हॉस्पिटल्स ने अब छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अपना पांचवां मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल शुरू कर दिया है। पचपेड़ी नाका में स्थित यह अत्याधुनिक अस्पताल न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे मध्यभारत के लोगों को विश्वस्तरीय इलाज और सेवा प्रदान करेगा। 205 बिस्तर क्षमता वाले इस अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी और मल्टी स्पेशलिटी दोनों तरह की सेवाएं उपलब्ध हैं, जिसमें आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के साथ अनुभवी डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी। अस्पताल में 5 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, एडवांस कैथ लैब, 3 टेस्ला एआई-एमआरआई मशीन, 128-स्लाइस सीटी स्कैन, उच्च गुणवत्ता वाली डायग्नोस्टिक लैब और 24x7 आपातकालीन सेवाएं दी जाएंगी। आईसीयू, एनआईसीयू और पीआईसीयू जैसी इकाईयों से यह अस्पताल गंभीर मरीजों के लिए भी पूरी तरह तैयार है। विभिन्न विभागों में हृदयरोग, न्यूरोलॉजी, ऑ थ र्ो पे डि क् स , गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, यूरोलॉजी, गायनेकोलॉजी और पीडियाट्रिक्स की विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध होंगी। अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. ओम टंटिया ने कहा कि हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के लोगों को अत्याधुनिक और किफायती इलाज प्रदान करना है।

### बोर्नियो हॉस्पिटल में मनाया मातृ दिवस



रायपुर। माताओं के सम्मान और स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से बोर्नियो मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल रायपुर में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 50 से अधिक माताओं ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का मुख्य फोकस महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य और आयुर्वेद के माध्यम से जीवनशैली सुधार पर रहा। बोर्नियो हॉस्पिटल की निदेशक डॉ. वृषाली पिल्लै ने कहा, हमारे लिए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ महिलाओं का मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मातृ दिवस पर यह आयोजन माताओं को सम्मान देने और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की दिशा में हमारा एक छोटा प्रयास है।


# बदलते मौसम में बीमारी का खतरा ज्यादा, लंबी कोशिश के बाद नियंत्रित हुआ बेंद्री का डायरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- अस्पतालों में अब तीन से चार प्रभावितों का इलाज, गांव में हुई थी बकरा पार्टी

बदलते मौसम और खानपान में लापरवाही से बीमारी का खतरा ज्यादा है। लंबी कोशिशों के बाद बेंद्री में फैले डायरिया को नियंत्रित कर लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की जांच में यह बात भी सामने आई है कि डायरिया प्रभावित गांव में एक विवाह समारोह के दौरान बकरा पार्टी भी हुई थी। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने गर्मी के मौसम में मैदानी अमले के ग्रामीण इलाकों में डायरिया जैसी शिकायतों को लेकर ज्यादा नजर रखने निर्देशित किया है।

सबसे पहले माना के टेमरी में उल्टी-दस्त का प्रकोप हुआ था। वहां सौ से अधिक लोग पीड़ित हुए थे जिसकी वजह वहां के बोरवेल से निकलने वाले बैक्टीरिया युक्त पानी को माना गया था। गांव में होने वाली शादी के दौरान दूषित पानी का उपयोग किए जाने की बात सामने आई थी। काफी दिनों के शिविर के बाद वहां लोगों को राहत मिली। इसके बाद अभनपुर के बेंद्री गांव में डायरिया ने पांव पसारा, शुरुआती दौर में दूषित जल को इसका कारण माना गया था। बाद में यह भी तथ्य सामने आया था कि जिनकी तबीयत खराब हुई थी वे गांव में हुई शादी के दौरान बकरा भोज में शामिल हुए थे। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की टीम के मशक्कत के बाद बेंद्री में डायरिया की शिकायत अब कम हो गई है। वहां के सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में उल्टी-दस्त के शिकायत पर भर्ती मरीजों की संख्या तीन से चार में सिमट गई है। इसके अलावा नये मरीज भी अब इक्का-दुक्का ही सामने आ रहे हैं।



### महिला की मौत मगर डायरिया की पुष्टि नहीं

सूत्रों के अनुसार बेंद्री में विवाह समारोह में शामिल होने आई एक महिला की मौत हो गई थी। महिला को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी जिसके बाद उसे निजी अस्पताल में दाखिल किया गया था। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अफसरों का दावा है कि डायरिया से संबंधित शिकायत का समाधान हो चुका था। उसे श्वांस संबंधित शिकायत हुई थी जिसके बाद उसे अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल किया गया था।

### पेट में ऐंठन की शिकायत ज्यादा

चिकित्सकों के अनुसार गर्मी के इस मौसम में लोगों को पेट से संबंधित तकलीफ ज्यादा होती है। बदहजमी के साथ पेट में मरोड़ की शिकायत लेकर काफी संख्या में मरीज अस्पताल तक पहुंच रहे हैं। अभी लू संबंधी शिकायत खत्म हो गई है मगर पेट खराब होने की परेशानी के साथ मरीज अस्पतालों तक पहुंच रहे हैं। डाक्टरों का कहना है कि वर्तमान में खानपान को लेकर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। खासकर बासी अथवा खुले में रखे खाद्य पदार्थों के उपयोग से बचना चाहिए।

### राजभवन में धर्मसभा, सभी धर्मों के प्रतिनिधि हुए शामिल

रायपुर। वर्तमान में चल रहे तनावपूर्ण परिस्थिति में सभी धर्मों, समाजों एवं सम्प्रदायों के बीच शांति, सौहार्द एवं एकजुटता के उद्देश्य से शुक्रवार को राजभवन के दरबार हॉल में राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में सर्वधर्म सभा आयोजित की गई। सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान तनावपूर्ण स्थिति केवल सीमाओं पर युद्ध की चुनौती नहीं है बल्कि यह हमारे समाज की एकजुटता, हमारी संस्कृति की सहिष्णुता और हमारे नागरिकों की जागरूकता की परीक्षा भी है। हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम समाज में संयम, शांति और सद्भाव को बनाए रखें। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि भारत देश सत्य, अहिंसा और शांति का पुजारी है। आज के इस बैठक में सभी धर्म के प्रतिनिधियों ने एकता का संकल्प दोहराया है। सर्वधर्म सभा में जैन समाज के चंद्रेश शाह, शदाणी दरबार के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल, ब्रह्माकुमारी शांति सरोवर की सविता बहन आदि शामिल हुए।

## पेज 09 के शेष ...

### प्रीमैच्योर शिशुओं को...

तब हुई, जब एक बार समय से पहले जन्मा सात माह का बच्चा जिंदगी से जूझ रहा था और उसकी मां उसे दूध नहीं पिला पा रही थी। अंकिता ने आगे बढ़कर उस शिशु को अपना दूध दिया और यहीं से उन्होंने ठान लिया कि वे 'ब्रेस्ट मिल्क डोनेशन' जैसे संवेदनशील विषय पर काम करेंगी। अंकिता मानती हैं कि समाज में आज भी स्तनपान को लेकर शर्म और संकोच है, विशेषकर ग्रामीण इलाकों में। जब आप गांव की महिलाओं से दूध दान की बात करते हैं, तो वे हंसने लगती हैं। उन्हें इसकी अहमियत ही नहीं पता। अब अंकिता इस विषय पर जागरूकता फैलाने में जुटी हैं। वह बताती हैं कि मां का दूध समय से पहले जन्मे या कमजोर बच्चों के लिए वरदान होता है। उनके इस अभियान में कई महिलाएं जुड़ रही हैं और हर दिन कोई न कोई नवजात उनके इस कार्य से नया जीवन पा रहा है।

### नज़र के डर से...

छोटे से पेट के लिए काफी होता है। अंकिता ने महसूस किया कि अस्पताल में कई महिलाएं ऐसी भी थीं जो अपने अतिरिक्त दूध को देने से हिचकती थीं। उनकी सोच थी कि दूध दोगी, तो नज़र लग जाएगी। इस सोच ने कई नवजातों को जरूरी पोषण से वंचित कर दिया, लेकिन अंकिता ने नज़र और समाज की सोच की परवाह किए बिना जो कदम उठाया, उसने न सिर्फ बच्चों को जीवन दिया, बल्कि समाज की रूढ़ियों को भी चुनौती दी।

### आरोपी एसडीएम-तहसीलदार...

**एनएचएआई अफसरों के भी शामिल होने की आशंका:** इस प्रोजेक्ट का नक्शा एनएचएआई द्वारा तैयार किया गया था। इस नक्शा के आधार पर प्रभावित किसानों की जमीनों का अधिग्रहण कर उन्हें मुआवजा बांटा गया है। इस तरह अधिसूचना जारी होने से पहले अगर प्रोजेक्ट का नक्शा लीक हुआ है, तो यह संभावना जताना भी गलत नहीं होगा कि नक्शा एनएचएआई से लीक हुआ है। सवाल यह है कि नक्शा लीक हुआ है या फिर कराया गया। अगर कराया गया है, तो इस घोटाले में एनएचएआई के कुछ अफसरों के भी शामिल होने की भी संभावना है।

### नक्शा लीक इस घोटाले...

बांटने का उल्लेख किया गया है, लेकिन ऐसा भी हो सकता है कि अधिसूचना जारी होने के पहले ही जमीनों का बटांकन कर दिया गया हो। अगर ऐसा हुआ है तो इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि अधिसूचना जारी होने से पहले ही प्रोजेक्ट का नक्शा लीक हुआ होगा, जिसका फायदा निलंबित हुए अधिकारी-कर्मचारियों के साथ भू-माफिया ने उठाया।

### 14 नए संदिग्धों के...

ईओडब्लू, एसीबी के अफसरों को मिली है। सूत्रों के मुताबिक जगदलपुर से लेकर गरियाबंद के बीच भू-अर्जन के नाम पर किए गए घोटाले की जांच करने जगदलपुर ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम को इनपुट जुटाकर जानकारी ईओडब्लू, एसीबी मुख्यालय भेजे जाने निर्देश दिए गए हैं।

घोटाले में जिन 14 संदिग्धों के नाम सामने आए हैं, ईओडब्लू, एसीबी के अफसर उन्हें नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब कर सकते हैं। जिन नए संदिग्धों के घोटाला में शामिल होने के नाम आए हैं, उनमें से ज्यादातर जगदलपुर, गरियाबंद तथा धमतरी जिले के हैं।

### एक ही पैटर्न की...

दर पर जमीन खरीदी और उसे टुकड़ों में बांटकर मोटी कमाई की। रायपुर के बाद जिन और नई जगहों पर भू-अर्जन के नाम पर घोटाले की बात सामने आ रही है, वहां भी रायपुर पैटर्न में गड़बड़ी किए जाने की आशंका है।

### तरुण नगर में तीन...

पूछताछ की, तो उसने बच्चों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद परिजन अपने बच्चों का अपहरहण होने की आशंका में थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। साथ ले जाने वाला युवक बच्चे तथा उनके परिजनों का परिचित था। इस वजह से बच्चों के परिजनों ने थाने में किसी भी तरह की शिकायत करने से इनकार कर दिया।

### तेरह दिन बाद...

से बढ़ोतरी होगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि मई के आने वाले दिनों में गर्मी का प्रभाव असर दिखाएगा और इस महीने का सर्वाधिक तापमान रिकार्ड किया जाएगा। अभी गर्मी में बढ़ोतरी हो रही है, मगर प्रदेश के सभी शहरों का तापमान औसत से नीचे है। सरगुजा और बस्तर इलाके में हल्की बारिश होने की संभावना बनी हुई है। इस बार बस्तर में बारिश भरपूर मात्रा में हुई थी, मगर ठंड का असर ज्यादा नहीं था। गर्मी भी वहां अपनी अधिक प्रभाव नहीं जमा सकी है, क्योंकि विभिन्न कारणों से बारिश की गतिविधि लगातार बनी हुई है। अभी भी एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है और द्रोणिका उत्तर कर्नाटक से मन्नार की खाड़ी तक मौजूद है। रविवार को एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है। इसके साथ अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि का दौर जारी रहने की संभावना है।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 11 मई 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



ओवरब्रिज प्लेग्राउंड बच्चों का बना...


## एजुकेशन अलर्ट

### एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं प्रवेश के लिए कॉउंसिलिंग 12 से




**रायपुर।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में संचालित दो एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 6वीं में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए अंतिम मेरिट अनुसार चयनित एवं प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी गई है। यह सूची कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं संबंधित एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालयों के कार्यालयीन सूचना पटल पर देखी जा सकती है। चयनित एवं प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों की काउंसिलिंग विकासखण्ड खड़गवां में अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने प्रवेश परीक्षा कोरिया जिले से दी है, उनको सम्मिलित करते हुए आयोजित की गई है। चयनित एवं प्रतीक्षा सूची में दर्ज सभी विद्यार्थी 12 एवं 13 मई 2025 को अनिवार्य रूप से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह विकासखण्ड खड़गवां, जिला एमसीबी के ऑडिटोरियम कक्ष में प्रातः 9 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें, जहां प्रातः 10 बजे से काउंसिलिंग प्रारंभ की जाएगी। किसी कारणवश अनुपस्थित विद्यार्थियों के लिए 14 मई 2025 को अंतिम अवसर स्वरूप विशेष काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी।

#### सत्यापित प्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य

चयनित विद्यार्थियों को प्रवेश के समय छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण पत्र, अनुसूचित जनजाति का स्थायी जाति प्रमाण पत्र, आधारकार्ड की छायाप्रति, विद्यार्थियों का सिकलसेल शासकीय चिकित्सक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद, विद्रोह या कोविड से खोने वाले, विधवाओं के बच्चे, दिव्यांग माता-पिता के बच्चे, भूमि दान करने वाले, अनाथ वर्ग के बच्चे, वामपंथी उग्रवाद से लड़ते हुए जान गंवाने वाले पुलिस/अर्धसैनिक/सशस्त्र बल के बच्चे, दिव्यांग बच्चे आदि का प्रमाण पत्र, विशेष शासकीय कर्मचारी के बच्चों का प्रमाण पत्र एवं जिला चिकित्सालय बोर्ड द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (जो कि प्रवेश के 15 दिन के भीतर प्रस्तुत करना होगा) की मूल एवं सत्यापित प्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

# एक ही छत के नीचे सास-बहू के मातृत्व की मिसाल, संघर्ष से सींचा बच्चों का भविष्य



मदर्स डे

## सास-बहू का संघर्ष रंग लाया, बच्चों को दिखाई सही राह

संयोग से एक जैसे हालात में जीवन के लिए संघर्ष करने वाली दो माताएं पंडरी में एक ही छत के नीचे रहती हैं। हम बात कर रहे लक्ष्मी बाई साहू की, जिन्होंने गरीबी के दौर में पति को खोने के बाद मेहनत-मजदूरी कर अपने बेटे-बेटी को पढ़ाया। खुद 8वीं पास होने के बाद भी बेटे को पेंटिंग का कोर्स कराया। किसी तरह बेटे की कमाई से खुद का घर मिला तो सड़क हादसे में बेटे ने साथ छोड़ दिया।

**रायपुर।** इसी छत के नीचे रहने वाली लक्ष्मी बाई की बहू लीला साहू ने 2014 में सड़क हादसे में पति जयप्रकाश साहू को खो दिया। इसके बाद जीवन के लिए संघर्ष की दूसरी मिसाल लीला बनीं। पति की मौत के बाद जब आर्थिक तंगी से घर के हालात बिगड़े तो सिलाई, पीकू, फॉल और बुटिक वर्क कर परिवार की जिम्मेदारी निभाने में जुट गईं। लीला साहू ने बताया कि मेरी सास ने जो संघर्ष किया, वह मुझे बहुत प्रेरणा देता है।






### पढ़ाई के लिए बेचनी पड़ी जमीन

दिनभर घर के काम और इसके बाद घर चलाने के लिए सिलाई तथा बुटिक वर्क करने के लिए देर रात तक काम करने की चुनौतियां भी सामने आईं। इस बीच बेटे गजेंद्र को कनाडा में आईटीआई के लिए भेजा, पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए एक हजार वर्गफीट जमीन बेचनी पड़ी। रिश्तेदारों से कर्ज लेना पड़ा। अब बेटा दो साल का कोर्स करने के बाद वहीं एनुअल 12 लाख के पैकेज में जॉब कर रहा है। बेटी मनीषा ने बुटिक कोर्स किया है। वह वेब सीरीज और छत्तीसगढ़ी फिल्मों भी काम करती हैं। इससे अब उनके कॅरियर को लेकर भी जिम्मेदारी पूरी हो गई है।



### एक हजार बेटियों को किया पारंगत

*लीला साहू ने बताया कि मैंने शादी के पहले पढ़ाने के लिए पिता को संघर्ष करते देखा। तब बेटी को पढ़ाने का निर्णय लेना भी किसी चुनौती से कम नहीं था। मेरा प्रयास है कि बेटियों को हुनरमंद बनाने के लिए हर किसी को प्रयास करना चाहिए। इससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार होंगी। इस उद्देश्य से करीब एक हजार बेटियों, महिलाओं को सिलाई, पीकू, फॉल व बुटिक में पारंगत करने निशुल्क प्रशिक्षण भी दिया। इसके लिए कई संस्थाओं के साथ मिलकर काम करती हूं। अपने बुरे दौर को ताकत बनाने का प्रयास करती हूं, ताकि जीवन में आर्थिक तंगी की स्थिति कभी न आए।*

## सिटी इवेंट

### नाटक 'मस्तमौला' में कलाकारों के संघर्ष को हास्य के रंग में पिरोया



**रायपुर।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'योगी स्पंदन आर्ट कल्चर एजुकेशन फाउंडेशन' द्वारा आयोजित नाट्य कार्यशाला के समापन अवसर पर शुक्रवार को जनमंच सड्डू में नाटक 'मस्तमौला' का मंचन किया गया। लेखक जयवर्धन द्वारा रचित इस नाटक का निर्देशन संस्था की अध्यक्ष अर्पिता बेडेकर ने किया। नाटक की कहानी मकान मालिक पं. पंजीरीलाल और उनके तीन किरायेदारों रंगीले, सुरीले, और छबीले के इर्द-गिर्द घूमती है। ये तीनों कलाकार अपने संघर्षों के बावजूद जीवन में मस्ती और उल्लास बनाए रखते हैं, जिससे वे 'मस्तमौला' कहलाते हैं। नाटक में कलाकारों के जीवन की कठिनाइयों को हास्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिससे दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ एक गहन सामाजिक संदेश भी मिला। इस मंचन ने दर्शकों को कलाकारों के जीवन की झलक दिखाते हुए उनके संघर्षों और सपनों को समझने का अवसर प्रदान किया। नाटक की प्रस्तुति ने यह संदेश दिया कि कठिनाइयों के बावजूद जीवन में मस्ती और सकारात्मकता बनाए रखना संभव है।

#### कलाकारों की भूमिका

पं. पंजीरीलाल की भूमिका में रूपेश यादव, रंगीले बने सूर्या तिवारी, सुरीले का किरदार निभाया ठावेंद्र रजक ने और छबीले बने शशांक नायडू। फोकट की भूमिका में विजय चौहान, आरती का अभिनय किया श्रीरंजनी केहरी ने, जबकि कैंटीनवाली बनीं प्रीति यादव। डॉ. बेदर्द और बाबूजी की दोहरी भूमिका निभाई देशांत सिंह ठाकुर ने। अखबार वाला, दुकानदार, आदमी और सेठ की भूमिकाओं में लक्ष्मीकांत दुबे ने रंग भरा।

**मंच के पार्श्व में:** मंच, रूप वेशभूषा- अरुण भांगे संगीत पक्ष, हारमोनियम- लाला राम लोनिया, तबला- गौरव पटेल, विशेष सहयोग सुभाष मिश्रा, सहयोग- सुनील चिपड़े, अमित बेडेकर, हितेश पांडेय, केयूर बेडेकर, आनंद सिंग, महेंद्र राजपूत

#### पात्रों ने नाटक को बना दिया जीवंत

*नाटक 'मस्तमौला' में मकान मालिक की बेटी आरती और नौकर फोकट सहित कई अन्य किरदारों ने हास्य और व्यंग्य के माध्यम से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। कहानी में कैंटीन वाली, दुकानदार, अखबार वाला, आम आदमी, बाबूजी और डॉक्टर बेदर्द जैसे पात्रों ने नाटक को जीवंत बना दिया।*

## मॉकड्रिल के साथ दी सुरक्षा नियमों की जानकारी, आपातकाल पर भी चर्चा

**रायपुर।** शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में मॉकड्रिल एवं नागरिक सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। कार्यशाला जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में की गई। कार्यक्रम में 'युवा आपदा मित्र योजना' के अंतर्गत भारत की संख्या सी-डीओटी द्वारा निर्मित सचेत एप की जानकारी भी दी गई। कार्यशाला के संयोजक एनसीसी अधिकारी डॉ. अनिल रामटेके ने बताया कि वर्तमान में भारत-पाकिस्तान के मध्य संभावित आपातकालीन स्थिति में उचित व्यवहार एवं त्वरित प्रतिक्रिया से संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई है। साथ ही एनसीसी अधिकारी हेमंत नंदागौरी द्वारा मॉकड्रिल के तहत तैयार वीडियो को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया।



### मोबाइल में सचेत एप जरूर रखें छात्र-व्याख्याता



शनिवार को महाविद्यालय में मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. तपेश चंद्र गुप्ता एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डीके पाण्डेय रहे। मुख्य वक्ता डॉ. गुप्ता ने बताया कि आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सावधानी जरूरी है। जहां देशवासियों को नागरिक सुरक्षा नियमों की जानकारी दी जा रही है। इससे लोगों में सतर्क रहने, अफवाहों पर ध्यान न देने, सोशल मीडिया के भड़काऊ विचारों पर विश्वास न करने की बात कही गई। इस मौके पर सौ से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. शिल्पी बोस, डॉ. पूर्णिमा मिश्रा, डॉ. अनिता जुनेजा, डॉ. पारमिता दुबे, डॉ. नीरजा सेन, डॉ. झरना रानी नाग, डॉ. अखिलेश जाधव, डॉ. कीर्तन कुमार साहू, सुरेश कुमार, दिनेश मालवीय आदि प्राध्यापक मौजूद रहे।

## हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के संडे मूवी मस्ती में आज दिखाई जाएगी रेड- 2

**रायपुर।** हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के सुधि पाठकों और दर्शकों के लिए 'संडे मूवी मस्ती' का आयोजन इस बार फिर से किया जा रहा है। कलर्स मॉल के सिनेमाघर में रविवार सुबह 8 बजे फिल्म रेड-2 दिखाई जाएगी। हर साल की तरह इस बार भी बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग इस आयोजन को लेकर बेहद उत्साहित हैं। गर्मी की छुट्टियों में मनोरंजन और परिवार संग समय बिताने के उद्देश्य से हरिभूमि द्वारा यह आयोजन पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है, जिसे पाठकों का जबरदस्त समर्थन और प्यार मिलता आया है। पहले सप्ताह में 500 से अधिक पाठकों को मुफ्त में टिकट वितरित किए गए हैं। जिन दर्शकों को टिकट मिले हैं, वे हरिभूमि कार्यालय से प्राप्त टिकट के साथ मूवी शो में शामिल हो सकेंगे। पूरे महीने पाठकों को अलग-अलग नई और रोचक फिल्में दिखाने की योजना है, जिससे यह समर सीजन उनके लिए खास बन सके।




### इस तरह मिलेगा मुफ्त टिकट

अगले सप्ताह दिखाई जाने वाली फिल्म की जानकारी हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित की जाएगी। पाठक अगर फिल्म का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो अखबार में छपे कूपन को भरकर शनिवार सुबह 8 से 10 बजे तक हरिभूमि कार्यालय पचपेड़ीनाका धमतरी रोड लाना होगा। कूपन जमा करने के बाद दर्शकों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर मुफ्त टिकट दिए जाएंगे। चूंकि सीटें सीमित हैं, इसलिए समय पर पहुंचकर कूपन जमा करना जरूरी होगा।

### संस्कृति विभाग के मुक्ताकाशी मंच पर स्वर सप्तक संस्था ने श्रोताओं को माहौल देने सजाई महफिल

# पारंपरिक वाद्ययंत्रों की संगत से सलील स्मृति में संगीत संध्या, फनकारों के गीतों पर झूमे दर्शक

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** पारंपरिक वाद्ययंत्रों के मधुर संगीत से संस्कृति विभाग का मुक्ताकाशी मंच सराबोर हुआ। इसे गीतों से सजाने में फनकारों ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। पुराने दौर में जिन गीतों पर संगीत प्रेमी झूम उठते थे, कुछ वैसे गीतों के लिए शनिवार की रात संगीत संध्या का आयोजन भी संगीत मर्मज्ञों के बीच किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि प्रदीप श्रीवास्तव रहे। रामदास अग्रवाल और मुकेश शाह मौजूद थे। इनके मार्गदर्शन में स्वर सप्तक संस्था के अध्यक्ष एवं आजा रे परदेशी संगीत संध्या के संयोजक उदय दास ने यह आयोजन किया। इसमें रुपहले पर्दे के पीछे रहने वाले संगीतकार सलील चौधरी की स्मृति में संगीत संध्या किया गया।



### विजय जोशी को संगीत रत्न सम्मान



दिनेश वर्मा,नमिता गुप्ता, डॉ. जावेद अली, अजय कर्मोकार, डॉ. रश्मि सिंह, भूमि सागर, श्रुति संधी एवं एस.पी. शर्मा ने सुरमयी गीतों की श्रृंखला सजाते हुए ओ सजना बरखा बहार आई..., मौजो की डोली चली रे..., जिंदगी कैसी है पहेली हाए...., तस्वीर तेरी दिल में...जैसे 25 बेजोड़ गीतों की प्रस्तुति से हर किसी को संगीत के इस उत्सव में शामिल होने का एहसास कराया। इस बीच श्रीराम संगीत महाविद्यालय के संस्थापक एवं संगीताचार्य पंडित विष्णु कृष्ण जोशी को संगीत रत्न सम्मान से सम्मानित किया। यह सम्मान से संगीत मर्मज्ञ उनके बेटे विजय जोशी को दिया गया, साथ पंडित जोशी के संगीत को आगे बढ़ाने में दिए गए योगदान को भी याद किया।

### देशभक्ति के जज्बे से भर दिया

महफिल को गीतों से सजाने और मंच संचालन के लिए आई प्रीति राजवैद्य ने बताया कि सलील चौधरी मुख्य रुप से सितार वादक थे। कई हिन्दी एवं बांगला फिल्मों के लिए संगीत रचना की। उनके संगीत से सजे गीतों को फनकार पेश करेंगे। इसके बाद पारंपरिक वाद्ययंत्रों और फनकारों की गायकी के संयोग ने लोगों जागो मोहन प्यारे..,गीत को लेकर आई वन्दना कुलदीप ने लोगों को भावविभोर किया। ओमप्रकाश और दीपेन्द्र हलधर ने ए मेरे प्यारे वतन..., गीत से श्रोताओं को देशभक्ति के जज्बे से भर दिया। वहीं उदय दास ने नैन हमारे सांझ सकारे...,गीत से लोगों को पुराने दौर की गायकी से जुड़ी यादें ताजा की।



### वाद्ययंत्रों संग गीतों की महफिल

मंच पर संगीत संयोजन करते हुए राजकुमार येशुदास, राजेश नायक, सत्यम भारती, आशीष वानी ने संगीत की महफिल सजाने में अहम रोल अदा किया। ओमप्रकाश देवांगन, आदित्य कर्मोकार, सुबोध टोप्टों, नरेन्द्र नायक, ज्ञानेश्वर राव ने की-बोर्ड, पैड, तबला, सैक्सोफोन, बासुरी, गिटार, तबला, बांगो जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों से संगीत की ऐसी महफिल सजाई की संगीत प्रेमी सुर- ताल के बीच गीतों की महफिल में देर रात तक रमें रहे। जहां संगीत संध्या का टाइटल सांग आजा रे परदेशी की प्रस्तुति देते हुए शिवानी बानी ने लोगों से वाहवाही भी लूटी।

सिटी इवेंट

## पांच टॉपर्स का सम्मान, कल राज्यपाल-सीएम से मिलेंगे



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जो रिजल्ट जारी किया है। उसमें 10वीं और 12वीं की टॉप 10 सूची में रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के पांच बेटे-बेटियां शामिल हैं। इनकी मेहनत ने माता-पिता समेत गुरुओं और प्रदेश का भी मान बढ़ाया है। ऐसी प्रतिभाओं को सम्मानित करने के साथ ही विधायक का दायित्व निभाते हुए उन्होंने सभी टॉपर्स को सरकारी योजनाओं का लाभ देते हुए शिक्षा में सहयोग भी दिया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में पत्रकारवार्ता में उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को सुबह 11 बजे टॉपर्स राज्यपाल रमेन डेका और बाद में सीएम विष्णु देव साय से मिलेंगे।

### सम्मान करने का अवसर मिला

विधायक श्री मिश्रा ने बताया कि इस बार कक्षा 12वीं से रुचि कल्याणी, कृष्ण कुमार पंजवानी और भूमिका देवांगन ने टॉपर्स के बीच खुद को स्थापित किया। इसके लिए इनकी शानदार मेहनत, लगन और इनके परिवार के लोगों को सपोर्ट रहा है। वहीं कक्षा 10वीं में केबी साई संजना और योगिता वर्मा ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसके लिए इनके माता-पिता और बेटे-बेटियों का सम्मान करने का अवसर मिला। प्रतिभाओं ने क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इनका भविष्य संवारने के लिए हरसंभव सहयोग मिले, इसके लिए प्रयास करूंगा।

गर्मी में धूप से बचने अब बच्चे और युवा ओवरब्रिज के नीचे खेलकूद का ले रहे मजा

# ओवरब्रिज प्लेग्राउंड बच्चों का बना 'स्पोर्ट्स अड्डा' बैडमिंटन, कराटे, क्रिकेट में सुबह-शाम बहा रहे पसीना

कॉलोनियों और बस्ती में गली-क्रिकेट तो आपने बहुत देखे होंगे, पर आजकल ओवरब्रिज के नीचे बैडमिंटन, क्रिकेट, कराटे, स्केटिंग जैसे खेल खेलना छोटे बच्चों और युवाओं को खूब भा रहा है। सुबह-शाम के समय ओवरब्रिज के खाली एरिया को स्पोर्ट्स जोन बनाकर खेलप्रेमी प्रैक्टिस करते नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि सिटी के छोटे बस्तियों, कॉलोनियों की गलियों से ही क्रिकेट, कबड्डी जैसे इंटरनेशनल स्पोर्ट्स के स्टार्स खिलाड़ी निकले हैं।

**रायपुर।** ओवरब्रिज के नीचे खेल रहे खिलाड़ियों में से हो सकता है कि बैडमिंटन, क्रिकेट, कराटे, स्केटिंग जैसे इंटररनेशनल खेलों के स्टार्स निकल जाएं तो इसमें कोई ताज्जुब की बात नहीं होगी। आमतौर पर छोटे बच्चों में स्वभाविक रूप से खेलने-कूदने की प्रवृत्ति होती है। अपने घर के आसपास, वे खेल खेलने कोई न कोई खाली जगह तलाश में रहते हैं, जहां उन्हें जगह मिल जाती है, अपना प्लेग्राउंड वहीं बना लेते हैं। कुछ ऐसा ही शहर के भीतर के ओवरब्रिज हैं, जिसके नीचे की खाली जगह पर छोटे बच्चे खेलकूद तो युवा खिलाड़ी प्रैक्टिस के लिए उपयोग कर रहे हैं। यह एक तरह से सिटी में प्लेग्राउंड एरिया के नजरिए से नए ट्रेंड के तौर पर देखा जा सकता है। गर्मी के छुट्टियों में स्कूलों के खेल मैदान से दूर बच्चे फिलहाल इन ओवरब्रिज के नीचे खेलकूद का मजा ले रहे हैं। शहर के ऐसे ही ओवरब्रिज के नीचे अलग-अलग तरह के खेलकूद करते बच्चों, खेलप्रेमियों की लाइव रिपोर्टिंग की गई।




### शंकरनगर ओवरब्रिज

शंकरनगर ओवरब्रिज के नीचे भी सुबह 6 से 7 बजे बच्चे व बड़ों के ग्रुप बड़ी संख्या में तरह तरह के खेल अभ्यास करते नजर आए। वहां दोनों टाइम खिलाड़ी अक्सर स्केटिंग, बैडमिंटन, क्रिकेट, कराटे का अभ्यास करते दिख जाएंगे। यहां खेलकूद के लिए पहुंचे खिलाड़ियों का कहना है कि प्रैक्टिस के लिए इस एरिया में खेल बॉक्स है, जहां खेलने के लिए शुल्क देना पड़ता है। ढंग का मैदान भी आसपास नहीं है, ऐसे में ओवरब्रिज के नीचे पर ही प्रैक्टिस कर लेते हैं।

### तेलीबांधा-कचना ओवरब्रिज



*तेलीबांधा-कचना रोड पर बने ओवरब्रिज के नीचे करीब शाम 6 बजे के आसपास बच्चों का एक ग्रुप क्रिकेट खेलते नजर आया। ग्रुप के बच्चों से पूछने पर, कि वे आसपास के किसी गार्डन या प्लेग्राउंड में क्यों नहीं खेलते, तो उनका कहना था कि घर के आसपास खेलने कूदने की पर्याप्त जगह नहीं है। ओवरब्रिज के नीचे खाली जगह पर रोजाना सुबह-शाम दोस्तों के ग्रुप बनाकर क्रिकेट खेलते हैं।*



### फाफाडीह एक्सप्रेस-वे के नीचे भी खेल व्यायाम

हर सुबह फाफाडीह एक्सप्रेस-वे के नीचे भी खेलकूद का मैदान सजता है, जहां छोटे-बड़े बच्चे, खिलाड़ी सभी अपनी पसंद के खेल खेलने पहुंचते हैं। इसके अलावा व्यायाम के लिए भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इस तरह से ओवरब्रिज व एक्सप्रेस-वे के नीचे खाली एरिया आसपास के बच्चों, खिलाड़ियों के लिए प्लेग्राउंड के तौर पर एक तरह से उपयोग साबित हो रहा है।

### खेल बॉक्स में प्रैक्टिस का लगता है शुल्क

शंकरनगर ओवरब्रिज के नीचे बच्चों के साथ खेल प्रैक्टिस करने पहुंचे एक क्रिकेट खिलाड़ी ने बताया कि कॉलोनियों के आसपास खेल बॉक्स बने हुए हैं, जहां पर खेल प्रैक्टिस के लिए 200-300 रुपए शुल्क देना पड़ता है। ऐसे में घर के नजदीक ओवरब्रिज के नीचे पर्याप्त खाली जगह है, जहां सुबह के समय ट्रैफिक भी अधिक नहीं होता तो थोड़ी-बहुत प्रैक्टिस कर लेते हैं।

धर्म लाइव

## श्रीश्री आनंदमूर्ति का 104वां आविर्भाव उत्सव आज, 24 घंटे का अखंड कीर्तन भी

**रायपुर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ रायपुर द्वारा आज से भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति जी का 104 वां आविर्भाव उत्सव मनाया जाएगा। रायपुर के बैरन बाजार स्थित आनंदमार्ग जागृति को आकर्षक रूप से सजाया गया है। रायपुर जिले में विभिन्न स्थानों में पिछले एक सप्ताह से बाबा नाम केवलम कीर्तन-भजन एवं नारायण सेवा की जा रही है। रायपुर भुक्ति प्रधान श्री यदुनाथ ने बताया कि आनंद पूर्णिमा दो दिवसीय विशेष आयोजन में 11 मई को 24 घंटे का अखंड कीर्तन बाबा नाम केवलम सुबह 5.30 बजे से 12 मई सुबह 5.30 बजे तक होगा। दोपहर 12 से 2 बजे नारायण सेवा आनंद मार्ग स्कूल में किया गया है। दोपहर 4 बजे से 5 बजे बच्चों के लिए क्विज और ड्राइंग कॉम्पिटिशन और शाम 5 बजे से राजधानी में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। डायसिस सेक्रेटरी आचार्य अर्पितानंद अवधूत ने बताया कि 12 मई को सुबह के 6 बज कर 7 मिनट पर शंख ध्वनि जय घोष और आतिशबाजी के साथ सद्गुरु श्री श्री आनंदमूर्ति जी का आविर्भाव दिवस शुभारंभ होगा। दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण ,तांडव और कौशिकी नृत्य के बाद सुबह 6:45- 7:15 आवर्त कीर्तन और सामूहिक साधना की जाएगी। इस आयोजन में मानव समाज के धरोहर भगवान सदाशिव ,श्री कृष्ण और श्री श्री आनंद मूर्ति/" विषय पर विचार गोष्ठी की जाएगी।

### बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आज नृसिंह जन्मोत्सव

*रविवार संध्या 5 बजे से रायपुर पुष्टिकर समाज ट्रस्ट द्वारा स्थानीय बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सदियों पुरानी गौरवशाली परंपरा नृसिंह जन्मोत्सव पूर्ववत उत्साह और उमंग से मनाया जाएगा। ज्ञातव्य है कि राक्षसराज हिरण्यकश्यप गोपाल मन्दिर सदर बाजार से अपनी आततायी प्रवृत्ति का प्रदर्शन करते हुए निकल कर बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर पहुंचता है और प्रहलाद सहित प्रभु के भक्तजनों को यंत्रणा देता है । भगवान विष्णु के आव्हान पर स्तंभ को फाड़कर भगवान नृसिंह प्रगट होते हैं और हिरण्यकश्यप को चुनौती देते हुए युद्ध करते हैं। अंत में भगवान नृसिंह संध्या संधिकाल में हिरण्यकश्यप का वध कर देते हैं। उल्लेखनीय है कि पुष्टिकर समाज के सदस्य ही राक्षसराज हिरण्यकश्यप और भगवान नृसिंह सहित भक्त प्रहलाद के इन पात्रों का जीवंत अभिनय करते हैं। इस उत्सव के लिए राजधानी में रचाये जाने वाले इस दिव्य-भव्य मेले में असंख्य लोग शामिल होकर आनंदित होते हैं।*

## बच्चों को लुभाने स्कूल कैंपस में रंगरोगन सामाजिक जागरूकता पर बना रहे तस्वीरें

**रायपुर।** गर्मी की छुट्टियां लगते ही स्कूल में रंगरोगन का काम शुरू हो गया है, जहां बच्चों को लुभाने के लिए कार्टून कैरेक्टर में चित्रकारी की गई है। स्कूल में नर्सरी से पांचवी कक्षा तक के बच्चों के लिए पूरी क्लास और कैंपस ही सजाए जा रहे, जहां नन्हे विद्यार्थियों को मनोरंजन और शिक्षा से संबंधित तस्वीरें देखने को मिलेंगी। इस वर्ष स्कूल में यातायात, समय प्रबंधन, श्लोक, बेटी बचाओ, सेव वॉटर, राष्ट्रीय धरोहर, जल चक्र, अक्षर, गिनती और शब्दकोष से संबंधित मनमोहक चित्रकारी देखने को मिल रही है।




स्कूल प्रबंधकों ने बताया कि छात्रों को चित्रकारी के माध्यम से सामाजिक एवं समान्य ज्ञान देने का प्रयास तस्वीरों के माध्यम से किया जाता है। इस वर्ष यातायात प्रबंधन से संबंधित चिन्हों का ज्ञान विशेष आकर्षण का केंद्र है, हर साल सामाजिक जागरूकता और सदाचार श्लोक से संबंधित तस्वीर और सुवाक्य लिखे जाते हैं। इससे बच्चों में अनुशासन, एकता, जागरूकता, बड़ों का सम्मान करना एवं नियमों को मानने का व्यक्तित्व तैयार होता है।

### छुट्टियों में सजा स्कूल कैंपस

*सरोना स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल से अर्चना मिश्रा ने बताया कि गर्मी की छुट्टियां लगते ही रंगरोगन का काम शुरू हो गया है। इस वर्ष छात्रों को सामाजिक जागरूकता और कुशल व्यक्तित्व के लिए कार्टून के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है, जिसमें बच्चों के लोकप्रिय कार्टून कैरेक्टर की तस्वीरें बनाई गई हैं। वहीं केंद्रीय विद्यालय के प्रशिक्षक संदीप ने बताया कि स्कूल की दीवारों पर रंगरोगन शुरू हो गया है, इस बार किताबों के अनुसार दीवारों पर तस्वीरें तैयार की जाएंगी, जिससे किताबी ज्ञान को बच्चे जीवंत ढंग से समझ सकें।*

### दीवारों पर उकेरी प्यासे कौए की कहानी

*इंद्रप्रस्थ स्थित शिवम एजुकेशनल अकादमी स्कूल में नर्सरी से पंचवी कक्षा तक की दीवारों को कार्टून कैरेक्टर की कहानियों से सजाया गया है। इस वर्ष स्कूल में पेड़ पर गिनती, प्यासे कौए की कहानी, आकृति, पालतू पशु, शरीर के नाम, बंदर और टोपी की कहानी, यातायात नियम, जीवन परिचय और बेहतर दिनचर्या का ज्ञान तस्वीरों के माध्यम से दिया गया है। सुंदर ढंग से तैयार तस्वीरों को क्लास रूम के अलावा कैंपस के सभी दीवारों पर सजाया गया है, जिससे माता-पिता से दूर रहने पर उन्हें अकेलापन महसूस न हो।*

### दीवारों पर किताबों का ज्ञान, यातायात नियम भी



इस वर्ष किताबी ज्ञान को दीवारों पर तस्वीर के माध्यम से सजाया गया है, जिससे बच्चों रंगबिरंगी कलाकारी के साथ समझ सकते हैं। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रशिक्षक कृतिका वर्मा ने बताया कि इस वर्ष कक्षाओं में विश्व का नक्शा, यातायात नियम की जानकारी, सौरमंडल और जलचक्र विशेष तौर पर बनाए गए हैं। यह पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए हैं। साथ ही नर्सरी कक्षा के छात्रों के लिए मौसम के प्रकार, फल-सब्जियों के लाभ, गिनती, अक्षर बनाए गए हैं, विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने उनके स्कूल प्रोजेक्ट के लिए भी विशेष स्थान बनाया गया, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्राथमिकता दी गई है।

## विवाह ऋणमुक्ति के लिए होता है, वासना पूर्ति के लिए नहीं

### विधानसभा परिसर में श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ

**रायपुर।** विधानसभा परिसर रायपुर में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत की दिव्य अमृतमयी कथा का विस्तार करते हुए शंकराचार्य आश्रम से पधारे डॉ. स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने विवाह के शास्त्रीय पक्ष को स्पष्ट करते हुए बताया कि विवाह ऋण मुक्ति के लिए किया जाता है। वासना पूर्ति विवाह का उद्देश्य नहीं होता है। मनुष्यों को जन्म से ही तीन प्रकार के ऋण प्राप्त होते हैं, देवताओं का ऋण, ऋषियों का ऋण एवं पितरों का ऋण। इन तीनों से मुक्त होने के लिए विवाह किया जाता है। विवाह से ही यज्ञ करने का एवं प्रजा तंतु के विस्तार करने का अधिकार प्राप्त होता है। विवाह में एकांकी प्रेम नहीं चलता है, परस्पर प्रेम होना चाहिए। परस्पर प्रेम से ही दांपत्य जीवन सुस्थिर होता है और सुस्थिर दांपत्य से ही धर्म का विधिवत संपादन होता है।

उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मणी के विवाह की चर्चा करते हुए बताया कि जितना प्रेम भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी से करते थे, उतना ही प्रेम रुक्मणी भगवान श्रीकृष्ण से करती थीं। जिस प्रकार रुक्मणी को रात-रात भर निद्रा नहीं आती थी, वैसे ही भगवान श्रीकृष्ण को भी रुक्मणी की याद में रात-रात भर निद्रा नहीं आती थी। इस प्रकार हिरण्यवर्णा मां लक्ष्मी ने, जो रुक्मणी के रूप में अवतरित थीं, भगवान श्रीकृष्ण को ब्राह्मण देवता के द्वारा भेजे संदेश में अपना भाव प्रकट किया। रुक्मणी साक्षात लक्ष्मी हैं, लक्ष्मी का विवाह श्रीकृष्ण से ही हो सकता है, अन्य किसी से नहीं। समुद्र भीष्मक है, उसकी पुत्री लक्ष्मी स्वर्णा रुक्मणी है, उसका भाई रुक्मी विष है। वह रुक्मणी एवं रुक्मणी वल्लभ श्रीकृष्ण के संबंध में बाधक है।



### वृंदावन की झांकियों ने किया मुग्ध

इसके पूर्व सुधि वक्ता ने भगवान की रासलीला के रहस्य को व्यक्त किया, अक्रूर प्रसंग और कंस वध की भी चर्चा की। कथा के पूर्व कथा के यजमान प्रभाशंकर मिश्र एवं उनकी धर्मपत्नी सुलोचना मिश्र ने भागवत भगवान की पोथी का पूजन कर आरती की। शंकराचार्य आश्रम से पधारे वैदिक विद्वान महेंद्र नारायण शास्त्री ने आरती संपन्न कराई। वृंदावन की झांकियों ने श्रोताओं का मन मोह लिया।

## तनावमुक्त जीवन एक ही फार्मूला, खुश रहना सीखो, ईगो मत पालो और आनंद में उड़ते जाओ

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान मंदिर में विशेष पारिवारिक प्रवचन श्रृंखला 'तनाव मुक्त जीवन की ओर एक संस्कारित पहल' के अंतर्गत परम पूज्य उपाध्याय भगवंत श्री मनीष सागर महाराज ने नौवें दिन, शनिवार को जीवन में तनाव मुक्त रहने का मूलमंत्र देते हुए बताया कि हम अक्सर दूसरों की बुराइयों पर ध्यान देते हैं, उनकी अच्छाइयों को नजरअंदाज कर देते हैं। जैसे घर की अनुपयोगी वस्तुएं कबाड़ में बेच देने से हमें हल्कापन महसूस होता है, वैसे ही हमें अपने कमियों को निकालकर खूबियों को पहचानना चाहिए। दूसरों में भी कमियों को नहीं, उनकी खूबियों को देखना चाहिए। परिजनों की अच्छाइयां हमें दिखाई नहीं देतीं, और हम दूरियां बना लेते हैं। जब जरूरत पड़ती है, तब हम उन्हीं के पास लौटते हैं। क्या केवल जरूरत के समय ही अपनों की याद आती है?




### जीवन जीने का मूलमंत्र लेने शिविर में जरूर आएं

श्री मेघराज बेगानी धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज बेगानी एवं चातुर्मास समिति के अध्यक्ष अजय कानूगा ने शहरवासियों अपील करते हुए कहा है कि न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान मंदिर में गुरू भगवंत श्री मनीष सागर द्वारा तनावमुक्त जीवन की ओर एक संस्कारित पहल पर सुबह 8.30 बजे से 9.45 बजे तक पारिवारिक प्रवचन हो रहा है। बेहतर और तनावमुक्त जीवन जीने की कला की बारीकियों को समझने आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

### मैं खुश हूं, मैं सुखी हूं

गुरु भगवंत कहते है कि एक सुप्रसिद्ध सुपरस्टार एक दिन अकेले घर से निकले, चलते-चलते समुद्र तक पहुंच गए और डूबने की कोशिश की। गुरू भगवंत कहते है कि जीवन जीने का दूसरा फार्मूला है मजा लीजिए सजा नहीं। जीवन में कठिनाइयां तो आएंगी, पर हमें परिस्थिति को सहते हुए भी आनंदित रहना है। भीतर से गंभीर रहें, पर बाहर से प्रसन्न। गुरू भगवंत कहते है कि जीवन जीने का तीसरा फार्मूला है- झुकते जाओ, आनंद में उड़ते जाओ। आज की सबसे बड़ी समस्या है 'ईगो'- आत्मसम्मान और अहम की लड़ाई। हमें 'ई' को हटाकर सिर्फ 'गो' पर ध्यान देना है यानी अहंकार को सहजता से जाने देना है। बिना अहं छोड़े हम सच्चे पुत्र, पुत्री, माता-पिता या शिष्य नहीं बन सकते।



## सिटी स्पोर्ट्स

### स्टेट पिकलबाल टूर्नामेंट में 60 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पिकलबाल संघ द्वारा टर्फ 71 लक्की डबल्स टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे लगभग 60 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे है। अपनी तरह की पहली इस प्रतियोगिता में लक्की ड्रा सिस्टम से डबल्स पार्टनर का चयन हुआ।

इस प्रतियोगिता में लक्की मेंस डबल्स, लक्की वुमेंस डबल्स, एवं लक्की मिक्स डबल्स की प्रतियोगिता होंगी। टर्फ सेवनटी वन पिक्लबॉल क्लब में आयोजित इस स्पर्धा में प्रदेश के सभी नेशनल व इंटरनेशनल खिलाड़ी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिसमे नेशनल चेम्पियन शिल्पी, रीना, एवं भावना है। इंटरनेशन अंडर 14 प्लेयर आरिश आगा चौबे, लुकेश नेताम, मोनेश प्रेम, अजय, हेनरी, रोहिन, राधेश्याम तांडी, वरुण, नेशनल रंनर्स अप एवं वियतनाम जाने वाली इंडियन टीम की सदस्य संस्कृति तायल, आरिश सहित पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन हैमिका जिंदल के साथ सबसे कम आयु 9 वर्ष की आद्या अग्रवाल भी शामिल है। यह जानकारी छ्ग पिक्लबॉल संघ के सचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने दी।

### रग्बी खिलाड़ी गोमती खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए बिहार रवाना



**रायपुर।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स पटना में आयोजित हो रहा है। स्पर्धा में स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा, बेमेतरा की रग्बी खिलाड़ी गोमती यादव का चयन छत्तीसगढ़ टीम में हुआ है। छत्तीसगढ़ की टीम कोच लोकेश्वर् राव के मार्गदर्शन मे पटना (बिहार) के लिए रवाना हो गए है। बिहार की राजधानी पटना मे भारत सरकार के खेल व युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलों इंडिया यूथ गेम्स का 4 से 15 मई तक आयोजित हो रहा है। खिलाड़ी के चयन पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/ हिंदी माध्यम के संस्था प्रमुख दुष्यंत कुमार परगनिहा, श्रीमति क्षिप्रा सरकार, रामेश्वरी साहू व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया है। इस अवसर पर ग्राम हसदा के संध्या परगनिहा, बलिराम धीवर अध्यक्ष शाला विकास समिति, तेजस्विनी पवन डहरिया, आकाश वर्मा, पंकज वर्मा,अभिषेक, करण, आदित्य कृष्णा, ताकेश्वर्, दिलीप वर्मा, मानचंद निर्मलकर और संकुल समन्वयक दीपक आडिल ने भी हर्ष जताया है।

### खेलों इण्डिया वेटलिफ्टिंग में रेहान और रूसना चयनित



**रायपुर।** बिहार में आयोजित खेलों इण्डिया यूथ गेम्स वेटलिफ्टिंग खेल में छत्तीसगढ़ से दो वेटलिफ्टर खिलाड़ी का चयन हुआ है। कोच अजय लोहार ने बताया कि स्पर्धा में रेहान खान 89 किलो भार वर्ग और रुसना फरीन +81 भार वर्ग में प्रदर्शन करेंगे। इनका चयन हाल ही में हुऐ मणिपुर इंफाल में आल इंडिया नेशनल स्कूल गेम्स से हुआ हैं। इनके चयन पर राजनांदगांव ज़िला प्रशासन, दिग्विजय स्टेडियम समिति, जय भवानी व्यायाम शाला, ज़िला वेटलिफ्टिंग संघ के संरक्षक अजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष अमित आजमानी, सचिव अशोक श्रीवास, कोषाध्यक्ष बसंत मेंगी, वेटलिफ्टिंग कोच अजय लोहार, अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टर जगदीश विश्वकर्मा, अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव एवं संघ के समस्त पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

### अंडर-13 जिला स्तरीय शतरंज स्पर्धा में विवान बने चैंपियन



**रायपुर।** जिला शतरंज संघ की ओर से अंडर 13 जिला स्तरीय स्पर्धा आयोजित किया गया। जिसमे शुद्ध योग केंद्र बिलासपुर के नियमित योग अभ्यास करने वाले विवान दीक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शुद्ध योग संसथान की संचालिका डॉ मोनिका पाठक ने खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर योग क्रिया त्राटक की अहम भूमिका बताई। नियमित योग और त्राटक पद्धति से हासिल एकग्रता ने विवान को प्रतियोगिता में सफलता दिलाई।

## इस मौसम में सोच समझ कर खाएं

# गर्मी के मौसम में खानपान पर बरतें खास एहतियात इन दिनों बढ़ जाता है फूड पॉइजनिंग का खतरा

अक्सर लोगों को गर्मी के मौसम में फूड पॉइजनिंग का सामना करना पड़ता है। इसलिए आइए इस लेख में जानते हैं कि आखिर गर्मी के दिनों में फूड पॉइजनिंग के मामले क्यों तेजी से बढ़ने लगते हैं और साथ ही ये भी जानेंगे के इससे बचने के लिए क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? गर्मी के मौसम में फूड पॉइजनिंग की समस्या बहुत आम हो जाती है। इससे परेशान होकर बहुत से लोग खूब ढेर सारी दवाइयां खाते हैं। कई बार फूड पॉइजनिंग गंभीर रूप ले लेती है, जिससे स्थिति इतनी बिगड़ जाती है कि रोगी को अस्पताल में भर्ती कराने की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर गर्मियों में फूड पॉइजनिंग की समस्या क्यों इतनी तेजी से बढ़ने लगती है? आइए जानते हैं।

दरअसल, गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ता है, तो भोजन और पानी में हानिकारक बैक्टीरिया और रोगाणुओं के पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनती जाती हैं। ऐसे में आपने देखा होगा कि गर्मियों में भोजन जल्द ही खराब होने लगता है (या 'जल्दी दुर्गंध आने लगती है')। यही वजह है कि गर्मियों में फूड पॉइजनिंग के मामले काफी बढ़ जाते हैं।

फूड पॉइजनिंग होने पर अक्सर लोगों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त जैसी परेशान करने वाली दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ये लक्षण



आमतौर पर दूषित या बासी भोजन का सेवन करने के बाद सामने आते हैं। यह एक ऐसी समस्या है जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है, और इसकी गंभीरता काफी हद तक व्यक्ति की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता पर भी निर्भर करती है। आइए इस लेख में फूड पॉइजनिंग के बारे में से जानते हैं।

### गर्मियों में क्यों बढ़ जाता है फूड पॉइजनिंग का खतरा?



गर्मियों में तापमान बढ़ने से भोजन में मौजूद बैक्टीरिया बहुत तेजी से बढ़ते हैं। ठंडे तापमान में निष्क्रिय रहने वाले बैक्टीरिया गर्मी पाकर सक्रिय हो जाते हैं और तेजी से अपनी संख्या बढ़ाते हैं, जिससे भोजन जल्दी खराब हो जाता है। यही कारण है कि गर्मी में थोड़ी देर बाहर रखा ताजा भोजन भी जल्दी दूषित हो सकता है, जो फूड पॉइजनिंग का कारण बनता है। कई बार ताजा भोजन खाने के बाद भी फूड पॉइजनिंग हो जाता है, इसका भी सबसे बड़ा कारण यही है कि गर्मी के दिनों में पेट में बैक्टीरिया को पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां मिलती हैं। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट्स गर्मी के दिनों में हल्का और सुपाच्य भोजन करने और ओवरइटिंग से बचने की सलाह देते हैं।

### फूड पॉइजनिंग के लक्षण?

फूड पॉइजनिंग के लक्षण भोजन खाने के कुछ घंटों बाद दिखते हैं। सबसे आम लक्षणों में मतली (जी मिचलाना), उल्टी और दस्त शामिल हैं। इसके अलावा, पेट में तेज दर्द और ऐंठन, हल्का बुखार, कमजोरी और सिरदर्द भी महसूस हो सकता है।

ऐसे में सवाल उठता है कि गर्मी के मौसम में ऐसी क्या सावधानियां बरती जाएं जिससे फूड पॉइजनिंग के खतरे को कम किया जा सकता है?



विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्मी के दिनों में ताजा भोजन करें और बचे हुए भोजन को फ्रिज में उचित तापमान पर रखें। किसी भी भोजन को खुला न छोड़ें। अगर आपको किसी भी खाद्य पदार्थ पर थोड़ा भी महकने का संदेह हो तो उसे न खाएं।

हमेशा हल्के पेट भोजन करें, यानी ओवरइटिंग से बचें। और दिन भर में कम से कम 2।5-3 लीटर पानी जरूर पिएं। फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड का सेवन बहुत कम मात्रा में करें। संतुलित आहार लें।

# चावल में नहीं लगेगा एक भी घुन, आजमाएं वायरल ट्रिक



आपके घर में भी चावल को चाहे कितनी भी अच्छी तरह स्टोर कर लिया जाए, लेकिन उसमें घुन जरूर लग जाते होंगे। आज हम आपको एक आसान और सस्ती सी ट्रिक बताने जा रहे हैं। जिससे आपके चावलों में एक भी घुन नहीं लगेगा।

राशन में बहुत सी चीजें ऐसी होती हैं, जो कि कुछ लोग पूरे साल का इकठ्ठा कर लेते हैं। जैसे, दाल, चावल, गेंहू आदि। ऐसे में इन सभी अनाजों को आपको बड़ी सावधानी के साथ रखना पड़ता है। वहीं समय-समय पर इन्हें धूप दिखाना भी जरूरी होता है। वरना बारिश और उमस वाले मौसम में इनमें कीड़े और घुन लग जाना आम बात है। आपके घर में भी यदि चावल को स्टोर किया जाता होगा तो आपने जरूर देखा होगा कि ज्यादा लंबे समय बाद चावल में घुन नजर आने लगते हैं।

### चावल के घुन कैसे हटाएं?

आपके घर में यदि राशन के साथ छः माह या पूरे के साल के लिए चावल स्टोर कर लिया जाता है, तो उसके लिए आपको माचिस की डिब्बी लेनी है। यह आपको अधिकतर सभी के घर में मिल जाती है। अब आपको माचिस की करीब 8-10 तीलियां निकालकर उनको रबर बैंड से बांध देना है। अब इस बंडल को आप जिस भी जगह पर चावल स्टोर करती हैं उसके एकदम अंदर की तरफ डाल देना है। आप देखेंगे आपके चावलों में कभी भी घुन नहीं लगेंगे।

### चावल से घुन हटाने के अन्य टिप्स

आप चावलों में एक कपड़े में फिटकरी का टुकड़ा बांधकर यदि रख देंगी तभी भी आपके चावलों में घुन और कीड़ें नहीं लगेंगे। चावल में से घुन हटाने के लिए आप चूने का भी इस्तेमाल कर सकती है। एक डिब्बी में चूना बांधकर डिब्बे में डाल दें इससे सभी घुन गायब हो जाएंगे। आप एक कपड़े में लौंग, तेजपत्ता और कपूर को बांधकर चावल में रख दें। इससे सारे घुन और कीड़े भाग जाएंगे।

# बुद्ध पूर्णिमा कल, मुहूर्त और ध्यान का महत्व आप भी जानिए



हर साल वैशाख महीने की पूर्णिमा तिथि को बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाती है। बौद्ध धर्म में यह दिन विशेष माना जाता है। माना जाता है कि इस दिन ही भगवान गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। साथ ही यह भी मान्यता है कि इस तिथि पर ही भगवान बुद्ध को बोध गया के बोध वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन ही उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में बुद्ध को महानिर्वाण प्राप्त हुआ था। इस दिन स्नान दान का बड़ा महत्व है।

पंचांग के अनुसार, वैशाख शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि का शुभारंभ 11 मई रात 8 बजकर 1 मिनट पर होगा, जिसका समापन 12 मई रात 10 बजकर 25 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार, बुद्ध पूर्णिमा 12 मई को मनाई जाएगी। बुद्ध पूर्णिमा के दिन वरियान योग और रवि योग का संयोग बन रहा है, जो इस पर्व को और भी खास बनाता है। रवि योग का समय सुबह 5:32 मिनट से लेकर 6:17 मिनट तक रहेगा, जबकि भद्रावास योग सुबह 9 बजकर 14 मिनट तक रहेगा।

बुद्ध पूर्णिमा का हिन्दू और बौद्ध दोनों धर्मों में विशेष महत्व है। इसी दिन भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। इस दिन बौद्ध धर्म के अनुयायी उनके धर्म के उपदेशों का पालन करते हैं। यह दिन आध्यात्मिक जागरूकता और मानवता के सेवा की प्रेरणा देने के लिए जाना जाता है। ध्यान, साधना, और करुणा के साथ भगवान बुद्ध की पूजा करने से मानसिक शांति मिलती है और जीवन की परेशानियों से उबरने में आपको मदद मिलती है। इस दिन स्नान दान करने से जीवन में सुख शांति और समृद्धि आती है।



# कहीं आप भी तो वॉर-एंग्जाइटी के शिकार नहीं, हो जाइए सावधान

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव ने लोगों के दिमाग में उथल-पुथल मचा दी है। खास तौर पर उन लोगों पर इसका ज्यादा असर देखा जा रहा है जो सोशल मीडिया पर असत्यापित और बिना किसी प्रमाणिक स्त्रोत से खबरें देख-सुन रहे हैं।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई कायराना आतंकी गतिविधि का बदला लेते हुए भारत सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इसके बाद से दोनों देशों के बीच स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। टीवी चैनल्स लगातार इस स्थिति की रिपोर्टिंग कर रहे हैं, सोशल मीडिया पर भी भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव की खबरें ट्रेंड कर रही हैं। इन खबरों ने लोगों के मन में एक अनजाना सा डर बनाया हुआ है, क्या हम युद्ध की तरफ बढ़ रहे हैं? हम कितने सुरक्षित हैं, ऐसे सवाल मानसिक तनाव बढ़ाने वाले हो सकते हैं। हालांकि सरकार ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि हमारी सेनाएं मुस्तैदी से न सिर्फ आतंकी देश का सामना कर रही हैं, बल्कि उनके नापाक मनसूबों को नाकाम भी कर रही हैं। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव ने लोगों के दिमाग में उथल-पुथल मचा दी है। खास तौर पर उन लोगों पर इसका ज्यादा असर देखा जा रहा है जो सोशल मीडिया पर असत्यापित और बिना किसी प्रमाणिक स्त्रोत से खबरें



देख-सुन रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, युद्ध का डर मानसिक स्वास्थ्य पर काफी असर डालता है, जिससे स्ट्रेस और एंग्जाइटी की समस्या बढ़ सकती है। इस तरह की स्थिति को वॉर एंग्जाइटी कहा जाता है। वॉर एंग्जाइटी जैसा कि नाम से ही स्पष्ट होता है कि युद्ध की खबरों को लेकर लोगों के मन में बन रही डर या चिंता। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, युद्ध की अप्रत्याशित प्रकृति जिसमें हिंसा का निरंतर खतरा शामिल होता है ये चिंता और भय को बढ़ाती है। इसका असर उन लोगों में भी देखा जाता रहा है जो सीधे युद्ध में शामिल नहीं होते हैं। रिकॉर्ड्स उठाकर देखें तो पता चलता है कि पहले के कई युद्धों के दौरान भी लोगों में वॉर एंग्जाइटी और इसके कारण होने वाली समस्याएं देखी गई थीं। युद्ध की भयावह स्थिति पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर जैसी स्थितियां भी पैदा कर सकती है, जिसका असर लोगों के दिमाग पर लंबे समय तक बना रहता है।

### वॉर एंग्जाइटी होती क्या है?

वॉर एंग्जाइटी होना आम है, युद्ध के बारे में खबरें, वीडियो और तस्वीरों को देखकर मन में डर और चिंता होना आम प्रतिक्रिया है। यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान भी बड़ी संख्या में लोगों में इस समस्या को देखा गया था। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन ने एक सर्वेक्षण में पाया कि शामिल किए गए करीब 80% प्रतिभागियों ने युद्ध की खबरों-वीडियो के कारण गंभीर रूप से स्ट्रेस और एंग्जाइटी का सामना किया। वॉर एंग्जाइटी और इसके कारण होने वाली समस्याओं को समझने के लिए हार्वर्ड के विशेषज्ञों ने एक अध्ययन किया।













## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'फिफ्टी शेड्स' से चर्चा में आए निर्देशक जेम्स फोले ने ली आखिरी सांस



अमेरिकी निर्देशक जेम्स फोले का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से ब्रेन कैंसर से जूझ रहे थे। जेम्स फोले को 'फिफ्टी शेड्स', नेटफ्लिक्स की 'हाउस ऑफ कार्ड्स', 'ग्लेनगैरी ग्लेन रॉस' और 'द करप्टर' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था। निर्देशक के प्रतिनिधि के एक बयान में पुष्टि की है कि इस अनुभवी फिल्म निर्माता का इस सप्ताह की शुरुआत में नींद में निधन हो गया। हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार निर्देशक के प्रतिनिधि ने कहा, 'ब्रेन कैंसर से कई वर्षों तक संघर्ष करने के बाद इस सप्ताह की शुरुआत में उनकी नींद में मृत्यु हो गई।' निर्देशक जेम्स फोले का जन्म 28 दिसंबर 1953 को ब्रुकलिन, न्यूयॉर्क में हुआ था। साल 1984 में उन्होंने अपनी पहली फिल्म रेकलेस से फिल्म निर्माण का सफर शुरू किया। इसके बाद निर्देशक ने 'एट क्लोज रेंज' (1986) से क्रिटिक्स की प्रशंसा प्राप्त की, जिसमें सीन पेन और क्रिस्टोफर वॉकन ने अभिनय किया था। फोली ने 'ग्लेनगैरी ग्लेन रॉस' (1992), साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'फियर' (1996), और 'फिफ्टी शेड्स डार्कर' (2017) और 'फिफ्टी शेड्स फ्रीड' (2018) जैसे फिल्मों को बनाया था। निर्देशक ने टीवी में भी योगदान दिया है। उन्होंने 'हाउस ऑफ कार्ड्स', 'बिलियन्स' और 'ट्विन पीक्स' जैसी प्रशंसित सीरीज के एपिसोड का निर्देशन किया है। फोली ने मैडोना के लिए कई संगीत वीडियो का निर्देशन भी किया, जिसमें 'पापा डोंट प्रीच' और 'लिव टू टेल' शामिल हैं।

### टॉलीवुड

## कश्मीर से पुलिस वर्दी में टिस्का ने शेयर की पोस्ट, 'हिट 3' के फोटो देख खुश हुए फैंस



नानी स्टारर फिल्म 'हिट 3' को रिलीज हुए आज एक हफ्ते से ऊपर हो गया है। फिल्म दर्शकों को पसंद आ रही है। इसी बीच फिल्म में नानी की को-स्टार टिस्का चोपड़ा ने फिल्म की जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की कुछ बीटीएस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं, जिस पर अब फैंस की प्रतिक्रिया लगातार आ रहा है। 'हिट द थर्ड केस' 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में साउथ स्टार नानी मुख्य भूमिका में नजर आए। उन्होंने इस फिल्म में एक खूंखार पुलिस अफसर का किरदार निभाया है। वहीं फिल्म में उनकी को-स्टार टिस्का चोपड़ा ने आज 'हिट 3' से अपनी कुछ बीटीएस तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, जो प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बन चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नानी की फिल्म ₹हिट 3₹ की शूटिंग हैदराबाद, विशाखापत्तनम, और जम्मू-कश्मीर के विभिन्न स्थानों पर हुई है। फिल्म का एक बड़ा हिस्सा शिमला और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में भी शूट किया गया। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में शुरू हुई थी। इसके अलावा फिल्म के कई हिस्सों को विशाखापत्तनम में फिल्माया गया। इस फिल्म के कुछ सींस को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में लगभग तीन सप्ताह तक फिल्माया गया। इसके अलावा फिल्म का एक लंबा शेड्यूल शिमला और उत्तर भारत के बाकी हिस्सों में भी शूट किया गया।

टिस्का चोपड़ा फिल्म ₹हिट 3₹ में कृतिका आहूजा के किरदार में नजर आईं। इस फिल्म में टिस्का एक जिम्मेदार वरिष्ठ हैं, जो अर्जुन (नानी) की मदद करती हैं। आज टिस्का ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए 'हिट 3' की कुछ खास तस्वीरें और एक वीडियो शेयर किया, जिनको देखकर लग रहा है कि यह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की हैं। कथित तौर पर क्योंकि फिल्म के कुछ सींस को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में लगभग तीन सप्ताह तक फिल्माया गया था। टिस्का ने इन खास तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'हिटः द थर्ड केस बॉक्स ऑफिस पर अपना जादू चला रहा है.. अभी तक देखी है?' ₹हिट 3₹ 1 मई, 2025 को रिलीज हुई थी।

### भोजपुरी

## खेसारी की फिल्म 'गॉडफादर' का दमदार लुक आया सामने, नेटिजन्स बोले- 'ब्लॉकबस्टर है'



खेसारी लाल यादव को भोजपुरी की हिट मशीन कहा जाता है। उनके गाने फैंस के बीच जमकर बवाल काटते हैं तो अभिनय की जादूगरी भी उनकी खूब चलती है। खेसारी के पास इस वक्त कई बैक टू बैक फिल्में हैं। एक फिल्म है 'गॉडफादर'। इसका पोस्टर जारी किया गया है। फिल्म 'गॉडफादर' का पोस्टर द टाइम्स भोजपुरी के इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया गया है। पोस्टर में खेसारी लाल यादव नजर आ रहे हैं। वे लाल रंग की शर्ट में पोज दे रहे हैं। बालों का रंग व्हाइट दिखाई दे रहा है। पोस्टर के साथ लिखा है, 'खेसारी की देसी भोजपुरी फिल्म 'गॉडफादर' की पहली झलक'। इसमें खेसारी के साथ यामिनी सिंह, आस्था सिंह, संजय पांडे, विनोद मिश्रा और निशा तिवारी जैसे सितारे हैं। पोस्टर पर खेसारी का अंदाज देखकर लग रहा है कि यह एक्शन फिल्म है। जंग के मैदान में खेसारी दुश्मनों से दो-दो हाथ करने को तैयार नजर आ रहे हैं। पोस्टर ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। नेटिजन्स के दिलचस्प रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'ब्लॉकबस्टर है'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'भोजपुरी के फादर'।

### गर्मियों का जलवा

"लक्मे सन एक्सपर्ट साक्षा और किन्नी ने एफडीसीआई के साथ साझेदारी में लक्मे फैशन वीक में द सनस्टॉपर पार्टी पेश की। दोनों के कलेक्शन में इसके फ्लोरल मोटिफ और ज्यामितीय पैटर्न को बोल्ड प्रिंट में शामिल किया गया है। हल्के शिफॉन, कॉटन और सैटिन की वजह से यह कलेक्शन गर्मियों के लिए शानदार विकल्प देता हैं। वहीं लाइक्रा स्विमवियर और कैनवस जैकेट इसे एक नया रूप देते हैं।




## मूंग की दाल से निखर उठेगा आपका चेहरा, दिख सकते हैं और भी कई फायदे

चेहरे पर एक फुंसी भी हो जाए, तो लड़कियां परेशान होने लगती है। ऐसे में अगर आप भी गर्मी के मौसम में अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखना चाहती हैं और स्किन प्रॉब्लम को कम करना चाहती है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिन्हें कर आप अपने चेहरे पर होने वाली इन परेशानियों से राहत पा सकती हैं।

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक गर्मी का मौसम शुरू होते ही चेहरे पर कई तरह की परेशानियां होने लगती है, जिससे अधिकतर महिलाएं परेशान हो जाती हैं। अगर आप भी स्किन प्रॉब्लम की वजह से परेशान है, तो अब आप बाजार के महंगे प्रोडक्ट की बजाय मूंग की दाल का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह सेहत के लिए फायदेमंद होने के साथ-साथ चेहरे के लिए भी काफी लाभदायक माना गया है।



### चेहरे के लिए मूंग की दाल

ब्यूटी एक्सपर्ट ने आगे कहा कि चेहरे पर हो रही परेशानियों को कम करने के लिए आप मूंग की दाल से फेस पर तैयार कर सकती हैं। इसके लिए आप सबसे पहले मूंग की दाल को रात भर पानी में भिगोकर रख दें। इसके बाद दूसरे दिन पानी अलग कर इसे मिक्सर में पीसकर पेस्ट बना ले।

### मूंग की दाल से ऐसे बनाएं फेस पैक

इस पेस्ट में आप एलोवेरा जेल, दही और चुटकी भर हल्दी मिला दें। अब इस मिश्रण को अच्छी तरह मिक्स कर थोड़ी देर ढककर रख दें। उसके बाद अपने चेहरे को अच्छे से धोकर सुखा लें। जब चेहरा सुख जाए, तब आप अपने चेहरे पर इस फेस पर को 20 मिनट के लिए लगाकर रखें। 20 मिनट पूरे होने के बाद आप अपने चेहरे को साफ पानी से धो सकती हैं।

## सूट में न्यू लुक पाने स्टाइल करें ये प्लाजो के कुछ खास डिजाइंस



इन दिनों प्लाजो काफी ट्रेंड में है और सूट में स्टाइलिश लुक पाने के लिए महिलाएं इसे कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ सिल्वातीया खरीदती हैं। लेकिन, अगर आप सूट में न्यू लुक चाहती हैं तो, आप इस तरह का नए डिजाइंस वाले प्लाजो अपने सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको 5 लेटेस्ट डिजाइंस वाले प्लाजो दिखा रहे हैं जो आप सूट में न्यू लुक पाने के लिए स्टाइल कर सकती हैं।



### फ्लावर डिजाइन प्लाजो

अगर आप लाइट कलर का सूट स्टाइल कर रही हैं तो, आप इस तरह का प्लाजो स्टाइल कर सकती हैं। यह प्लाजो न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसमें बेहद ही खूबसूरत एम्बेलिश्डवर्क किया हुआ है। इस तरह का प्लाजो आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा और इसे आप 500 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### कट वर्क प्लाजो

अगर आप कुछ न्यू डिजाइन में पहनने का सोच रही हैं तो, आप इस तरह का कट वर्क प्लाजो स्टाइल कर रही हैं। यह प्लाजो नीचे से राउंड डिजाइन में है। इस तरह का प्लाजो आपके लुक स्टाइलिश टच देने का काम करेगा। यह प्लाजो आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों ही जगहों से 400 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क प्लाजो

अगर आप कुछ डिजाइनर प्लाजो पहनने का सोच रही है तो, आप इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क प्लाजो स्टाइल कर सकती हैं। इस एम्ब्रॉयडरी वर्क प्लाजो न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसे आप लॉन्ग या शॉर्ट दोनों स्टाइल में सिल्वा सकती हैं। यह एम्ब्रॉयडरी वर्क प्लाजो को आप सूट के कलर के हिसाब से सिल्वा सकती हैं।

### फ्लोरल प्लाजो

फ्लोरल पैटर्न वालेफ्लोरल प्लाजो भी इन दिनों काफी ट्रेंड में है और न्यू लुक पाने के लिए आप इस सूट के साथ इसे भी स्टाइल कर सकती हैं।

## ट्रेडिशनल लुक पाने हाथों में सजाएं ये लटकन वाली चूड़ियां

अगर आप अपने आउटफिट में परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक पाना चाहती है तो, आप इसके साथ इस तरह की चूड़ी स्टाइल कर सकती हैं जो हाथों की सुंदरता साथ ही, आपके लुक को न्यू टच देने काम करेगी।

### पर्ल वर्क लटकन वाली चूड़ियां

इस तरह की पर्ल वर्क लटकन वाली चूड़ियां आप डार्क कलर के आउटफिट स्टाइल कर सकती है। यह चूड़ी ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए बेस्ट है और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक खूबसूरत भी नजर आएगा। इस तरह की चूड़ी आप 600 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

### गोल्ड प्लेटेड लटकन वाली चूड़ियां

अगर आप शादी या पार्टी में हिस्सा ले रही हैं तो, आप इस तरह की गोल्ड प्लेटेड लटकन वाली चूड़ियां स्टाइल कर सकती हैं। इन चूड़ी में बेहद ही खूबसूरत मोती और साथ ही, गोल्ड प्लेटेड लटकन है जो आपके लुक को स्टाइलिश टच देने का काम करेंगी। इस तरह की गोल्ड प्लेटेड लटकन वाली चूड़ियां आप



सिंपल और सोबर लुक के लिए स्टाइल कर सकती हैं।

### जिरकॉन लटकन वाली चूड़ियां

लाइट या एम्ब्रॉयडरी वर्क आउटफिट के साथ आप इस तरह की जिरकॉन चूड़ियां स्टाइल कर सकती हैं। यह जिरकॉन लटकन वाली चूड़ियां न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसमें आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग भी नजर आएगा। इस तरह की चूड़ी आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही, ऑफलाइन भी आपको ये चूड़ी 300 से 400 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

## पैर दिखेंगे साफ जब घर पर बने इस फुट पैक का करेंगी इस्तेमाल

जब भी खूबसूरती की बात होती है, तो हम सबसे पहले अपने चेहरे को साफ करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हर कोई चेहरे को देखकर हमारी खूबसूरती को देखता है। लेकिन चेहरे के साथ-साथ पैरों को भी साफ करना जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि पैर साफ होंगे तो हमे किसी तरह की कोई स्किन प्रॉब्लम नहीं होगी। ऐसे में आप फुट पैक को लगाएं। इस तरह के फुट पैक से आपके पैर भी साफ हो जाएंगे। साथ ही, आपको पार्लर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### फुट पैक बनाने का तरीका

इसके लिए आपको एक कटोरी में बेसन लेना है। इसमें दही, गुलाब जल और एसेंशियल ऑयल को मिक्स करना है। इन सभी चीजों को अच्छे से मिक्स करके ब्रश की मदद से इस फुट पैक को लगाएं। इसे करीब 20 मिनट के लिए लगे रहने दें।फिर अपने पैरों को पानी से साफ कर लें। इसके बार मॉइश्चाइजर लगाएं और पैरों की मसाज करें। इससे आपके पैर साफ हो जाएंगे।



### फुट पैक लगाने के फायदे

इस तरह के होममेड पैक को लगाने से पैरों की टैनिंग दूर होती है। साथ ही, पैरों की त्वचा इवन नजर आएगी। इसलिए भी आपको ट्राई करना चाहिए। अगर आपके पैरों की डेड स्किन निकल रही है, तो आप इसे हटाने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे भी आपके पैर साफ नजर आएंगे। पैरों को मुलायम और साफ करने के लिए आप इस फुट पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे घर पर बनाकर पैरों में इस्तेमाल किया जा सकता है।

### कार्नर न्यूज

### दफ्तर का माहौल आपके जीवन पर डालता है असर

## दफ्तर के लिए तैयार होते वक्त इन बातों का ध्यान जरूर रखें, पूरा दिन बीतेगा तनावमुक्त

आज के समय में महिलाएं हो या पुरुष, सभी कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं। फर्क बस इतना है कि पुरुष दफ्तर जाते समय अपने लुक का ज्यादा ध्यान नहीं रखते, जबकि महिलाएं शादी-विवाह और पार्टियों के साथ-साथ दफ्तर में भी स्टाइलिश दिखना पसंद करती हैं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको दफ्तर के लिए तैयार होते समय रखना चाहिए। यदि आप इन बातों का ध्यान रखें तो आपका अंदाज बाकियों से अलग दिखेगा और लोग आपकी तारीफ करते थकेंगे नहीं।

### सही कपड़ों का करें चयन

दफ्तर के लिए कपड़े खरीदते समय आपको ये ध्यान रखना है कि ये कपड़े ज्यादा भड़कीले न हों। दफ्तर में हमेशा ऐसे कपड़े पहनने चाहिए, जो देखने में सादगीभरे लगें। ज्यादा चमक वाले और भड़कीले रंग वाले कपड़े आपके लुक को अजीब दिखाएंगे। इसलिए कोशिश करें कि जितना



हो सके अपने लुक को सिंपल ही रखें।

### हल्का हो मेकअप

दफ्तर जाने से पहले मेकअप तो हर महिला करती है, लेकिन मेकअप करते समय ये ध्यान रखें कि ये हल्का हो। ज्यादा डार्क मेकअप आपकी खूबसूरती को खराब कर सकता है। डार्क मेकअप शादी-विवाह और पार्टियों में तो अच्छा लगता है, लेकिन इसे आप दफ्तर में कैरी नहीं कर सकतीं। दफ्तर में हमेशा मिनिमल मेकअप ही करें।

### सही हो फुटवियर

अक्सर महिलाएं स्टाइल के चलते ऐसी हील्स पहन लेती हैं, जो उनके चलने पर काफी आवाज करती हैं। ऐसे में इस बात का ध्यान रखें, कि आपकी फुटवियर से आवाज बिल्कुल न आए। दफ्तर में ऐसी फुटवियर ही पहनें, जिसे पहनकर आप 9 से 10 घंटे बाद भी असहज न हों। वरना ये आपको परेशान कर सकती है। .

### गलत एक्सेसरीज न पहनें

ज्यादा अलग और अच्छा दिखने के चक्कर में महिलाएं गलत एक्सेसरीज कैरी कर लेती हैं। एक साधारण घड़ी या कम चूड़ियां, या फि स्टाइलिश लेकिन हल्का सा हार देखने में अच्छा लगता है। कभी भी हैवी ईयररिंग्स न पहनें, ना ही भारी हार पहनें।

### सही हो हेयर स्टाइल

हर लड़की बालों को हमेशा खुला नहीं रख सकती। ऐसे में दफ्तर के लिए तैयार होते वक्त हेयर स्टाइल का ध्यान रखें। आपका हेयर स्टाइल ऐसा होना चाहिए, जिसे कैरी करके आपको दिक्कत न हो। इसके लिए आप बालों में स्लीक पोनीटेल, लो बन या साइड पार्ट कर सकती हैं।

